
हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08
गीतांजलि मिश्रा ने दिखाया अपना समर कलेक्शन



WWW.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 27 अप्रैल 2024, वर्ष - 07, अंक- 69, पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpreess@gamil.com

# दूसरा चरण: करीब 64 प्रतिशत मतदान



**13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग खत्म: त्रिपुरा-मणिपुर में 75% से ज्यादा मतदान; जयराम रमेश का आरोप- मणिपुर के बूथ में लोकतंत्र हाईजैक**

| राज्य | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| असम | 70.66% |
| बिहार | 53.03% |
| छत्तीसगढ़ | 72.13% |
| जम्मू-कश्मीर | 67.22% |
| कर्नाटक | 63.90% |
| केरल | 63.97% |
| मध्य प्रदेश | 54.42% |
| महाराष्ट्र | 53.51% |
| मणिपुर | 76.06% |
| राजस्थान | 59.19% |
| त्रिपुरा | 76.23% |
| उत्तर प्रदेश | 52.64 |
| पश्चिम बंगाल | 71.84% |
| औसत | 64.21% |

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 60.7 प्रतिशत औसत मतदान हुआ है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान कराया गया। शाम पांच बजे तक असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत, केरल में 63.97 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, मणिपुर में 76.06 प्रतिशत, राजस्थान में 59.19 प्रतिशत, त्रिपुरा में 77.53 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 52.74 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा राजस्थान की बागीदौरा सीट पर 73.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान हो रहा है। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिक्कारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान हो रहा है। त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, बुलन्दशहर; पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान हो रहा है।

# महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति, इस पर पति का भी अधिकार नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच कुछ शब्द बार-बार सुनाई पड़ रहे हैं, इसमें मंगलसूत्र और स्त्रीधन आम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्त्रीधन को लेकर अहम फैसले में कहा कि महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति है। इस पूर्ण संपत्ति को अपनी मर्जी से खर्च करने का महिला को पूरा अधिकार है। इस स्त्री धन में पति कभी भी हिस्सेदार नहीं हो सकता, लेकिन संकट के समय पत्नी की रजामंदी से इसका इस्तेमाल कर सकता है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्त्रीधन को लेकर दायर वैवाहिक विवाद पर सुनवाई कर कहा था कि महिला को अपने स्त्रीधन पर पूरा अधिकार है, इसमें शादी से पहले, शादी के दौरान या बाद में मिलीं हुईं सभी चीजें शामिल हैं, जैसे कि माता-पिता, ससुराल वालों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिले गिफ्ट, धन, गहने, जमीन और बर्तन आदि शामिल है। ये समझना जरूरी होता है कि आखिर स्त्रीधन क्या है। इसके दायरे में क्या-क्या आता है? दरअसल स्त्रीधन एक कानूनी टर्म है, जिसका जिक्र हिंदू धर्म में देखने को मिलता है। स्त्रीधन का अर्थ है महिला के हक का धन, संपत्ति, कागजात और अन्य वस्तुएं। एक आम धारणा ये है कि महिलाओं को शादी के



दौरान जो चीजें उपहार स्वरूप मिलती हैं, उन्हें ही स्त्रीधन माना जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है। स्त्रीधन में किसी महिला को बचपन से लेकर भी जो चीजें मिलती हैं, वह भी स्त्रीधन के दायरे में आती हैं। इसमें नकदी से लेकर सोना, हर तरह के तोहफे, संपत्तियां और बचत भी शामिल हैं। आसान शब्दों में शादी के दौरान या शादी के बाद मिले इस तरह के उपहारों को ही स्त्रीधन माना जाए। स्त्रीधन पर अविवाहित स्त्री का भी कानूनी अधिकार है। इसमें वे सारी चीजें आती हैं, जो किसी महिला को बचपन से लेकर मिलती रही है। इसमें छोटे-मोटे तोहफे, सोना, कैश, सेविंग्स से लेकर तोहफे में मिली प्रॉपर्टी भी आती है।

**किस कानून के तहत है स्त्रीधन का अधिकार?** : हिंदू महिला का स्त्रीधन का हक हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 14 और हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 27 के तहत आता है। यह कानून शादी से पहले, शादी के समय या शादी के बाद महिला को स्त्रीधन अपने पास रखने का पूरा हक देता है। महिला चाहे तब स्त्रीधन को अपनी मर्जी से किसी को दे सकती है या बेच सकती है। इसके साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 की धारा 12 भी महिलाओं को इसतरह के मामलों में स्त्रीधन का अधिकार देती है, जहां वे घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। वे इन कानूनों की मदद से अपना हक वापस ले सकती हैं। लेकिन कई मामले होते हैं, जहां मंगलसूत्र को छोड़कर ज्यादातर स्त्रीधन महिला के ससुरालवाले रख लेते हैं, ये कहकर कि वे संभालकर रखने वाले हैं। ऐसी स्थिति में कानून उन्हें स्त्रीधन का ट्रस्टी मानता है। जब भी महिला उन चीजों को मांगती है, तब महिला को देने से मना नहीं किया जा सकता। स्त्रीधन और दहेज दो अलग-अलग चीजें हैं। दहेज मांगस्वरूप दिया या लिया जाता है जबकि स्त्रीधन में प्रेमस्वरूप चीजें महिला को दी जाती हैं। अगर स्त्रीधन को ससुराल पक्ष ने जबरन अपने कब्जे में रखा है, तब महिला इसके लिए दावा कर सकती है। अगर पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस लगा है, तब उसके साथ में स्त्रीधन को लेकर अलग से केस दर्ज कराया जा सकता है।

## ख़ास ख़बर

### सुप्रीम कोर्ट का सुप्रीम फैसला: पर्ची मिलान वाली सभी याचिकाएं खारिज



**नई दिल्ली**। वीवीपैट ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल करके डाले गए वोटों के पूर्ण क्रास-सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं को आज सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया है। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्मस (एडीआर) संस्था और कुछ अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम से 100 प्रतिशत मिलान की मांग की थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने इस संबंध में दायर कई जनहित याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया है। एसोसिएशन फार डेमेक्रेटिक रिफार्मस (एडीआर) संस्था और कुछ अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम से 100 प्रतिशत मिलान की मांग की थी। चुनाव आयोग ने पीठ के समक्ष कहा था कि ईवीएम और वीवीपैट में किसी तरह की छेड़छाड़ संभव नहीं है। आयोग ने मशीनों की सुरक्षा, उन्हें सील करने और उनकी प्रोग्रामिंग के बारे में भी शीर्ष कोर्ट को अवगत कराया था।

### फिर मुसीबत में ट्रंप, पोर्ट स्टार को पैसा देने के मामले की सुनवाई शुरु



**न्यूयार्क**। अमेरिका में चुनाव चल रहे हैं और देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुसीबतें भी उन्ही के साथ चल रहीं हैं। पॉर्न स्टार को धन देने के मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए वह न्यूयार्क में हैं। ट्रंप कहा कहना है कि आज एक बड़ा मामला सुनवाई के लिए था, लेकिन न्यायाधीश ने मुझे जाने के लिए छूट नहीं दी। उनके अनुरोध को न्यूयार्क के राज्य सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन मर्चन ने अस्वीकार कर दिया। वह गुप्त धन मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट वाशिंगटन में इस बात पर बहस सुन रहा है कि राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट दी जानी चाहिए या नहीं। उन्होंने उस दिन के लिए अपने आपराधिक मुकदमे की सुनवाई से बाहर रहने के लिए अपील की थी, ताकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो सकें, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली।न्यायाधीश मर्चन ने ट्रंप के वकील टाड ब्लैंच से पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के सामने बहस करना बड़ी बात है। मैं निश्चित रूप से इसकी सराहना कर सकता हूं कि आपका मुवक्किल वहां क्यों रहना चाहेगा, लेकिन न्यूयार्क राज्य के सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा भी बड़ी बात है।दोनों ही मामलों से ट्रंप खुद को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वह चुनावी दौड़ में एक बार फिर से मजबूती से सामने हैं, लेकिन देश के सुप्रीम कोर्ट के सामने आए मामले के नतीजे भविष्य के राष्ट्रपतियों पर भी प्रभाव डालेंगे।

# कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है : पीएम मोदी



एजेंसी। अररिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अररिया जिले के फारबिसगंज में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शुरू से ही मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत काम किया है। कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है। पीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह ने देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों के हक की बात कही थी।जिसका वीडियो अभी भी है।जबकि एनडीए मानती है देश के संसाधन और संपत्ति पर पहला हक गरीबों का है।गरीब मजदूरों,किसानों,छात्र,युवा और मां बहनों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संपत्ति,जमीन,यज्ञ तक की घर में रखे गहने और वह भी सुहागिन मां बहनों का मंगलसूत्र तक छीनने की कवायद में है।उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवार के मुखिया सदस्य के गुजर जाने के बाद अपनी संपत्ति बेटे बेटियों को नहीं दे पायेंगे।कांग्रेस वैसी संपत्ति पर 55 फीसदी टैक्स लगाने वाले हैं।उन्होंने नारा देते हुए कहा कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी,जिंदगी के बाद भी। इससे पहले पांचवीं बार फारबिसगंज आने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधन की शुरुआत स्थानीय भाषा में कहा कि अररिया के ई पावन धरती मा अहां सब कै प्रणाम करै छी से की।जिस पर मौजूद भीड़ ने जमकर तालियां बजाईं।आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अररिया और सुपौल की इस भूमि से उनका विशेष लगाव है। उन्होंने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि देश का आशीर्वाद मिला तो अपने तीसरे कार्यकाल में कर्ज उतारने के लिए और ज्यादा मेहनत करूंगा।तीसरे कार्यकाल में देशहित में और ज्यादा बड़ा फैसला लेने वाला हूं।उन्होंने गर्मी और विपरीत परिस्थिति के बावजूद मतदाताओं खासकर युवा मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी: नरेन्द्र मोदी

**फारबिसगंज/अररिया**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को फारबिसगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस देश के संसाधनों पर यदि पहला हक किसी का है तो वह देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का। चाहे वह किसी भी जाति-धर्म का हो। यदि वह गरीब है तो देश के संसाधनों पर पहला हक उसका है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के हिन्दुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। यह लोग संविधान बदलना चाहते हैं। राजद और कांग्रेस का कहना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक उनके वोट बैंक के खास लोगों का है। कांग्रेस आपके मंगलसूत्र का एक्स-रे और गहने का हिसाब-किताब करने की बात करती है। आपकी बची हुई संपत्ति को छीनकर अपने वोट बैंक को देने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा कि आप चाहते हैं कि आपके जाने के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों के काम आए लेकिन आईएनडीआई गठबंधन वाले कहते हैं कि आपके गुजर जाने के बाद आपकी संपत्ति पर 55 प्रतिशत टैक्स लगाएगी। इसलिए पूरा देश कह रहा है कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों, आप आईएनडीआई गठबंधन को रोक सकते हैं। इसलिए सात मई को कमल के फूल और तीर चुनाव चिन्ह पर भारी मतदान होना चाहिए। उन्होंने अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह और सुपौल से जदयू के प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के लिए वोट मांगे।

# आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का आह्वान

- रक्षा मंत्रियों की बैठक में 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का समर्थन
- एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। अस्ताना में शुक्रवार को बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार



को विकसित करने पर सहमति जताई, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन का परिचायक है। बैठक में रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रस्ताव का उल्लेख किया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डालते हुए गिरिधर अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के लिए भारत के दबाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए दृढ़ है। अस्ताना में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के सागर- 'सभी के लिए सुरक्षा और विकास' के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। रक्षा सचिव रक्षा मंत्रियों के साथ पौधरोपण समारोह में शामिल हुए, जो पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एक साझा बयान में भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन दर्शन को प्रतिबिंबित करते हुए 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के विकास सहित प्रमुख समझौतों पर प्रकाश डाला गया।

### एनडीए को मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को और भी निराश करने वाला: नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली**। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण के मतदान प्रतिशत पर प्रसन्नता व्यक्त की। मोदी ने कहा कि एनडीए को मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को और भी निराश करने वाला है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 05 बजे तक करीब 60.7 प्रतिशत मतदान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा, "चरण दो बहुत अच्छा रहा! भारत भर के लोगों का आभार जिन्होंने आज मतदान किया। एनडीए को मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को और भी निराश करने वाला है। मतदाता एनडीए का सुशासन चाहते हैं। युवा और महिला मतदाता एनडीए को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।

# रायबरेली पर टिकीं सभी की नजरें, प्रियंका और वरुण हो सकते हैं आमने सामने

एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही भ्रम की स्थिति में हैं। यह सीट जीतने के दावे दोनों तरफ से हो रहे हैं। कांग्रेस कहती हैं कि हमारी सुरक्षित सीट है तो भाजपा का दावा है कि कांग्रेस को मतदाताओं ने पूरी तरह नकार दिया है और रायबरेली भी अब कांग्रेस के हाथ में आने वाली नहीं है। जबकि हकीकत ये है कि दोनों ही दल इस सीट को लेकर इतने भ्रम में हैं कि यहां अपने उम्मीदवार अभी तक तय नहीं कर पाए। लेकिन भीतरखाने से जो खबरें आ रहीं हैं उसमें यह माना जा रहा है कि कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी और भाजपा की ओर से वरुण गांधी मैदान में उतरेंगे। वरुण गांधी और



प्रियंका गांधी चचेरे भाई-बहन हैं। वरुण पीलीभीत से बीजेपी सांसद हैं, जबकि प्रियंका ने अब तक कोई भी चुनाव नहीं लड़ा है। इस बार उनके रायबरेली से लड़ने की पूरी उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि इन अटकलों के बीच बीजेपी ने प्रियंका के खिलाफ लड़ने के लिए वरुण गांधी से संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने रायबरेली से उतरने से मना कर दिया। वरुण के करीबी सूत्रों का कहना है कि वरुण गांधी चुनाव लड़ते तो गांधी बनाम गांधी की सुर्खियां बनतीं और वरुण ऐसी किसी भी सुर्खियों से दूर ही रहना चाहते हैं। बीजेपी सरकार के खिलाफ बयानबाजी के चलते वरुण गांधी का इस बार टिकट कट गया है। पीलीभीत से वरुण की जगह बीजेपी ने योगी सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को उतारा है। वरुण पिछले कुछ सालों में यूपी की योगी सरकार और केंद्र सरकार पर कई मुद्दों को लेकर हमलावर रहे। बीजेपी ने भले ही वरुण का टिकट काट दिया हो, लेकिन उनकी मां मेनका गांधी को फिर से सुल्तानपुर से उम्मीदवार बनाया है। रायबरेली और अमेठी सीट गांधी परिवार का गढ़ मानी जाती रही है, लेकिन पिछली बार अमेठी में राहुल गांधी की हार हुई, जबकि रायबरेली से लगातार जीतने वाली सोनिया गांधी इस बार फरवरी में राजस्थान से राज्यसभा सांसद चुनी गईं।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक: अर्जुन मेघवाल

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्री और भाजपा नेता अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम और वीवीपीएटी को लेकर दिए गए निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता में विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए मेघवाल ने कहा कि जब कांग्रेस और इंडी गठबंधन की पार्टियां चुनाव जीतती हैं तो ईवीएम अच्छी हो जाती है। जैसे ही भारतीय जनता पार्टी को जनता अपना आशीर्वाद देती है तो ईवीएम पर निराधार आरोप लगने लगते हैं। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को देश की संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि हम संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उसके सम्मान में 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' कार्यक्रम पूरे देश में मना रहे हैं। जो सरकार संविधान को पूजती है, उसके बारे में कांग्रेस और इंडी अलायंस के नेता जनता को भ्रमित करने में लगे हुए हैं। जिस




प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री रहते हुए हाथी पर रखकर संविधान की शोभायात्रा निकाली, 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद बाबा साहेब के सम्मान में संविधान दिवस मनाना शुरू किया, उसके बारे में ये कांग्रेसी भ्रम फैलाते रहे हैं कि वे संविधान समाप्त कर देंगे। अर्जुन मेघवाल ने कहा कि वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति में डूबी कांग्रेस बाबा साहेब और संविधान का अपमान करके धर्म के आधार पर, एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन करके मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भाजपा ने बताया लोकतंत्र की जीत

**नई दिल्ली**। ईवीएम-वीवीपीएटी सत्यापन के लिए शत प्रतिशत पर्ची मिलान की याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकतंत्र की जीत बताया है। शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट के फैसले पर पार्टी का पक्ष रखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आज लोकतंत्र के लिए बड़ा दिन है, आज लोकतंत्र की जीत हुई है। आज बाबासाहेब अंबेडकर, संविधान, ईसीआई और लोकतंत्र की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन जो ईवीएम के खिलाफ अफवाहें और निराधार दावे फैला रहे थे, उनकी हार हुई है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

### वायनाड से चुनाव हार रहे राहुल गांधी दूसरी सीट की तलाश में : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली**। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे वायनाड से चुनाव हार रहे हैं और संभव है कि वह जल्द किसी दूसरी जगह से भी नामांकन करेंगे। वायनाड चुनाव में पाकिस्तान परस्त और आतंकी विचारधारा वाले पीएफआई और एसडीपीआई का समर्थन लेना ही राहुल गांधी और कांग्रेस की गिरी हुई, भारत विरोधी सोच को स्पष्ट करता है। इससे पता चलता है कि एक चुनाव जीतने के लिए वह किसी भी हद तक गिर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीवीपैट की पर्चियां के मिलान की याचिका को खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए शुक्रवार को अनुराग ठाकुर ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। आज एक बार फिर से विपक्ष बेनकाब हुआ है जो बार-बार अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। इन्हें बार-बार जनता ठुकराती है और यह लोग ईवीएम को गलत बता कर भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं। विपक्ष से अनुरोध है कि चुनाव मुद्दों पर और विचारधारा पर लड़ें। हम भारत को आगे बढ़ना चाहते हैं। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण हमारी पहचान है। दूसरी ओर विपक्ष की पहचान भय, भ्रम और भ्रष्टाचार है।

### लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के प्रमुख आरोपित को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**लंदन**। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को ब्रिटेन में 2023 में भारतीय उच्चायोग पर हमले के मुख्य आरोपित इंदरपाल सिंह गाबा को गिरफ्तार कर लिया है। गाबा साल 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हुए हिंसक हमले और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान गैरकानूनी कार्रवाइयों से संबंधित मामले में आरोपित था। एनआईए के अनुसार ब्रिटेन के हाउनस्लो निवासी इंदरपाल सिंह गाबा को 19 और 22 मार्च 2023 को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला है कि 19 मार्च और 22 मार्च 2023 को लंदन में हुई घटनाएं एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं जिसमें भारतीय दूतावासों और उसके अधिकारियों पर गंभीर हमला करने की योजना थी। मार्च 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हमला खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ की गई पंजाब पुलिस की कार्रवाई की प्रतिक्रिया में था।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट खराब, मुंबई से टेक्निकल टीम पहुंची

**पटना**। पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके 717 दिल्ली से पटना आने के बाद खराब हो गई। जांच के दौरान ये जानकारी मिली की इसके इंजन में कुछ टेक्निकल फॉल्ट है। इसके बाद इससे यात्रा करने वाले यात्रियों को इसकी सूचना दी गई है। यह फ्लाइट सुबह 9 बजे के आस पास पटना एयरपोर्ट पर पहुंची थी और 11 बजे फिर से इसे पटना से दिल्ली जाना था। विमान में आई तकनीकी खराब को ठीक करने के लिए मुंबई से इंजीनियर्स को बुलाया गया है। कंपनी की तरफ से इस फ्लाइट से जाने वाले यात्रियों को अलग फ्लाइट की व्यवस्था की गई है।

### दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार, 3 साल पहले बाप

**हाजीपुर**। वैशाली के राघोपुर थाना की पुलिस ने दोहरे हत्याकांड में तीन साल से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने बताया कि जमीन विवाद में तीन साल पहले मुख्य आरोपी अमन कुमार ने 6 नवंबर 2021 को तीन लोगों पर गोली चलाई गई थी। इसमें विवेक कुमार गंभीर रूप से घायल गया था। जबकि उसके पिता सोनू कुमार सिंह और दादा कामेश्वर सिंह की मौत हो गई थी। घटना में 8 लोगों को अभियुक्त बनाया गया था। इसमें एक की गिरफ्तारी उसी दिन हो गई थी, जबकि बाकी 7 लोग फरार चल रहे थे। गुरुवार को मुख्य आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। फिलहाल 6 लोग मामले में फरार चल रहे है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### पिकअप से एक हजार लीटर स्प्रिट बरामद, पुलिस को देखकर शराब तस्कर फरार

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में पुलिस चुनावी माहौल को लेकर लगातार विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान सभी थाने की पुलिस ने इस अभियान के तहत गश्ती बढ़ा दी है। जिला पुलिस अवैध शराब और अपराधी गतिविधि के खिलाफ लागातार सूचना संकलन कर रही है। इस क्रम में सिकंदपुर थाना क्षेत्र की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर रामजानकी मंदिर के सामने वाली गली में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची। इस दौरान शराब तस्कर पिकअप से बड़ी मात्रा में स्प्रिट लेकर जा रहा रहा था। पुलिस को देखते ही शराब तस्कर पिकअप छोड़कर भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वो भाग गया।

**वाहन को जब्त कर पुलिस थाने ले आई**: पुलिस की टीम ने पिकअप की जांच की। इस दौरान पुलिस को पांच ड्राम में एक हजार लीटर स्प्रिट मिली। जिसके बाद पुलिस पिकअप को जब्त कर थाने ले गई। मामले में एफआईआर दर्ज कर फरार तस्कर की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। Asp भानू प्रताप सिंह ने बताया कि 1000 लीटर स्प्रिट बरामद की गई है। इस मामले में मध्य निषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई। इसके साथ वाहन मलिक और चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में जांच चल रही है। जल्दी ही आरोपित की गिरफ्तारी होगी।

### मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को रौंदा, घटनास्थल पर ही हुई मौत

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने शादी समारोह में गोलगप्पे का स्टॉल लगाने जा रहे एक युवक को रौंद दिया। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना मधुबनी फोरलेन की है। मृतक की पहचान मधुबनी गांव के सैनिक टोला निवासी विकेंद्र पासवान(35) के तौर पर हुई है। जो गोलगप्पा बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के मुताबिक गुरुवार विकेंद्र बाइक से गोलगप्पे का स्टॉल लगाने जा रहा था। इस पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों में इस घटना काफी आक्रोश है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए SKMCH भेज दिया है। सदर थाना अध्यक्ष अश्मित कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बिहटा में 6 दुकानों में लगी आग, शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ हादसा, लाखों का हुआ नुकसान

**पटना**। पटना के बिहटा व-क्रम मुख्य मार्ग में सह डॉ. ललित मोहन शर्मा के नजदीक बीते देर रात को की शार्ट सर्किट से अचानक आधा दर्जन से अधिक दुकानों में आग लग गई। अगलगी में कई जिंदा बकरी,मुर्गा समेत अन्य समान जल कर खाक हो गए। करीब 12 से 15 लाख की संपत्ति जल का राख हो गई ।घटना की सूचना पर बिहटा थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने घंटो मशक्कत के बाद तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे के करीब की शार्ट सर्किट होने से उसकी निकली चिंगारी दुकान पर गिर गई। देखते देखते आसपास में कई दुकानें को आग ने चपेट में लिया। बिहटा थाना प्रभारी दीक्षा भंवरे ने कहा कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है।फिलहाल पीड़ित के तरफ से लिखित आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई किया जायगा।



### मसौढ़ी में सिलेंडर ब्लास्ट, 6 झोपड़ी जलकर राख, 30 से ज्यादा लोग घायल



**पटना**। पटना के मसौढ़ी अनुमंडल के चपौर गांव में गैस सिलेंडर लीक होने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास की कई झोपड़ियां को अपनी चपेट में ले लिया और आधा दर्जन झोपड़ियां जलकर राख हो गई। आग को बुझाने और गैस सिलेंडर के ब्लास्ट होने से इसकी चपेट में आने से 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना लहसूना थाने को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना और अग्नि दस्ते की गाड़ी मौके पर पहुंची। इस बीच छह झोपड़ियां जलकर राख हो गई। शुक्रवार की सुबह संतु पासवान के घर पर महिलाएं गैस सिलेंडर से खाना बना रही थी। इसी क्रम में गैस सिलेंडर अचानक लीक हो गया और तेजी से आग फैलने लगी। आग को बुझाने के लिए आसपास झोपड़ी के लोग मौके पर पहुंचे। इस बीच गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। गैस सिलेंडर के ब्लास्ट करते ही आग की लपेट तेज हो गई। इसी क्रम में आसपास के 6 झोपड़ियां को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते 6 झोपड़ियां जलकर राख हो गई। लहसुना थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष मोहम्मद जावेद ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में संतु पासवान, बुलट पासवान, बेआदर पासवान, पिंकू पासवान, भागवत ठाकुर, नवीन पासवान के घर पूरी तरह जल कर नष्ट हो गए।

# बिहार में अग्नि तांडव,14 लोगों की मौत ,50 झुलसे

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। पटना के पाल होटल में 25 अप्रैल को हुए भीषण आग की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई थी की बिहार के विभिन्न जिलों में आग ने तांडव मचा रखा है। पटना के अलावा वैशाली चंपारण और दरभंगा के बाद मसौढ़ी में आग के कहर से हाहाकार मच गया है। दरभंगा में एक वैवाहिक समारोह के दौरान हुई आतिशबाजी से हुऐ सिलेंडर विस्फोट में 6 लोगों की जान चली गई ।जिला प्रशासन राहत एवं बचाव के कार्य में लगा हुआ है। मरने वालों में तीन बड़े और तीन बच्चे शामिल है दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना के अंटोर गांव में गुरुवार की रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी।बारातियों के ठहरने व खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में लगे शामियाना में किया गया था। बारातियों को पहुंचने के बाद जमकर आतिशबाजी की गई।



जिसकी चिंगारी शामियाना पर आ गिरी और देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया। जिससे वहां रखे सिलेंडर व डीजल के स्टॉक में विस्फोट हो गई। जिससे एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। इस भयानक आग के हादसे में रामचंद्र पासवान के पत्नी बेटे बहू और नाती नतनी की मौत हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण इकट्ठे होकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। लेकिन आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान आग की लपटें वहां रखे सिलेंडर को अपने चपेट में ले लिया और सिलेंडर तेज आवाज के साथ विस्फोट कर गया। सिलेंडर के विस्फोट से निकली आग की लपटें रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के स्टॉक में लग गई। जिससे आग ने भयानक रूप ले लिया एवं उनके परिवार के 6 लोगों के साथ तीन मवेशी की मौत हो गई। वही दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने कहा कि सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचकर सरकारी स्तर पर पीड़ित परिवार को सभी प्रकार का मदद किया जा रहा है। इस घटना में 6 लोगों की मौत हुई है। तथा आग की चपेट में आने से तीन मवेशी की भी मौत हुई है। घटना किस कारण घटित हुई है। इसकी जांच के लिए टीम को भेजा जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया हैं। वैशाली जिले के जंदाहा प्रखंड के आज दोपहर आग लगी की भीषण हादसे में 300 झोपड़ियां जलकर राख हो गई इस आगजनी की वारदात में एक बच्चा समेत दो लोगों की आग से झुलस कर मौत हो गई ।पूर्वी चंपारण के कुड़वा चैनपुर में दलित बस्ती में आगजनी के कारण 40 घर जलकर स्वाहा हो गए ।इस अगलगी में तीन छोटे-छोटे बच्चों की मौत हो गई ।सासाराम में भी अगलगी की एक घटना में दादी पोते की मौत की खबर है। पटना जिला के लहसुना थाना अंतर्गत चकोर गांव में 26 अप्रैल की दोपहर हुई आगजनी की घटना में दो सिलेंडर विस्फोट कर गया ।जिससे कि 50 ग्रामीण झुलस गए ।इसमें 20 लोगों की स्थिति चिंताजनक बताई जाती है ।जिन्हें इलाज के लिए एम्स और पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है ।बताते हैं कि चपौर के संतलाल के घर खाना बनाते समय आग लग गई। गांव के लोग इस आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करते की इसी दरमियान विस्फोट हुआ जिससे कि इतनी बड़ी मात्रा में लोग झुलस गए।

## आतिशबाजी ने लगाई भीषण आग,6 की मौत

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। पटना के पाल होटल में 25 अप्रैल को हुए भीषण आग की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई थी की बिहार के दरभंगा में एक शादी समारोह की आतिशबाजी से हुए सिलेंडर विस्फोट से 6 लोगों की जान चली गई ।जिला प्रशासन राहत एवं बचाव के कार्य में लगा हुआ है। मरने वालों में तीन बड़े और तीन बच्चे शामिल है दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना के अंटोर गांव में गुरुवार की रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी।बारातियों के ठहरने व खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में लगे शामियाना में किया गया था। बारातियों को पहुंचने के बाद जमकर आतिशबाजी की गई। जिसकी चिंगारी शामियाना पर



आ गिरी और देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया। जिससे वहां रखे सिलेंडर व डीजल के स्टॉक में विस्फोट हो गई। जिससे एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। इस भयानक आग के हादसे में रामचंद्र पासवान के पत्नी बेटे बहू और नाती नतनी की मौत हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण इकट्ठे होकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। लेकिन आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान आग की लपटें वहां रखे सिलेंडर को अपने चपेट में ले लिया और सिलेंडर तेज आवाज के साथ विस्फोट कर गया। सिलेंडर के विस्फोट से निकली आग की लपटें रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के स्टॉक में लग गई। जिससे आग ने भयानक रूप ले लिया एवं उनके परिवार के 6 लोगों के साथ तीन मवेशी की मौत हो गई। वही दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने कहा कि सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचकर सरकारी स्तर पर पीड़ित परिवार को सभी प्रकार का मदद किया जा रहा है। इस घटना में 6 लोगों की मौत हुई है। तथा आग की चपेट में आने से तीन मवेशी की भी मौत हुई है। घटना किस कारण घटित हुई है। इसकी जांच के लिए टीम को भेजा जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया हैं।

## दुकानदारों के लिए समय निर्धारित किया गया

एजेंसी, पटना।

♦ सुबह 5 से 9 बजे तक, शाम में 7 से 10 की टाइमिंग, नेहरू पथ पर कोई दुकानें नहीं रहेगी

पटना शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन लगातार कार्य करने में लगी हुई है, जिससे आम लोगों को किसी तरह समस्या नहीं हो। इसके लिए नगर निगम आयुक्त ने दुकानदारों के लिए समय सीमा निर्धारित किया है। नगर निगम आयुक्त ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि शहर में सब्जी और फल दुकानदार की वजह से सड़क पर जाम की समस्या हो जाती है। आम जनों की परेशानी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए स्ट्रीट वेंडर दुकानदारों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए गए हैं। नेहरू पथ पूर्ण रूप से नो वेंडिंग जोन रहेगा। इससे आम जनों को समस्या नहीं होगी।

**क्या है टाइमिंग**: सुबह 5 बजे से सुबह 9 बजे तक और शाम 7 से 10 बजे तक की अवधि में ही दुकानें लगेंगी। इसके साथ ही नेहरू पथ पूर्ण रूप से नो वेंडिंग जोन रहेगा। आमजन की सुविधा और यातायात को देखते हुए पटना की सड़कों पर ब्लैक स्पॉट पर दुकान नहीं लगानी है। निर्धारित जगहों पर ही वेंडर को दुकान लगाना होगा। बिना लाइसेंस वाले वेंडरों को दुकान लगाने की अनुमति नही होगी। मई के प्रथम सप्ताह में टाउन वेंडर की बैठक आयोजित होगी। नए वेंडिंग जोन में वेंडरों को व्यवस्थित किया जायेगा।

## लोकतंत्र के महापर्व में सभी लोग करे मतदान- एसडीपीओ

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना** - प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सहर के डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल बांकीपुर में एसडीपीओ निखिल कुमार ने छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुये कहा कि आप लोग शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने में ब्रांड अम्बेसडर के रूप में काम करे । आपका हर वोट महत्वपूर्ण है इसलिए अधिक स अधिक मतदान के लिए लोगो को प्रेरित करें । वही बीडीओ सुनील कुमार ने मतदान के लिए जारी निर्देशो को बताया कोई दिव्यांग या बुजुर्ग है जो मतदान केंद्र तक जाने अक्षम है उनका मत घर पर ही लिया जायेगा ।एसएचओ रूपक कुमार अंवुज ने छात्र छात्राओं से अपने माता पिता , पास पड़ोस के लोगो को मतदान केंद्र तक पहुचाने का अपील किया साथ ही बताया कि कभी भी नशा के गिरफ्त में न आये । कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक संजय कुमार सिन्हा ने किया । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी खिलाड़ियों से मिलकर



मतदान करने का अपील कर रहे है । उन्होंने ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे । लोक तंत्र के इस महापर्व में एक भी मतदाता छूटे नही इसकी जिम्मेदारी युवा क्लव को लेना होगा ।अभियान में आनंद कुमार पाठक,शिशुपालकुमार , चंदन कुमार सिंह, सुरजीत कुमार,हिमांशु शर्मा, विकाश कुमार, विष्णु कुमार, नौशाद अली, समेत सैंकड़ो छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया ।

## जाति धर्म से ऊपर उठ कर समाज को बदल रहा है विशेखानंद विशु



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। आज कल समाज में जहां लोग हिंदू मुस्लिम के नाम पर राजनीति दाव खेलते हैं वही दूसरी तरफ जाती धर्म से ऊपर उठ कर बिहार का पैडमैन विशेखानंद विशु देश के अलग अलग राज्यों में जिन बच्चियों का पहला पीरियड शुरू होता है उनके घर पर जा कर सेलिब्रेट करता है और सभी लोगों से पीरियड्स को ले कर ग़लत प्रथा और टैबू को ख़त्म करने की अपील करता है , इसी क्रम में शुक्रवार को पटना के स्टैंड रोड स्लम बस्ती में रहने वाली 13 वर्षीय (मुस्लिम बच्ची) जन्नती प्रवीण का पहला पीरियड आने पर विशु ने केक काट और सेनेटरी पैड के साथ साथ माता रानी का प्रसाद वितरण कर सेलिब्रेट करते हुए पूरे समाज को जागरूक करते हुए कहा पीरियड सेलिब्रेशन एक ऐसा जागरुकता अभियान है जो ग़लत प्रथा को ख़त्म करने में कारगर साबित होगा और लोग मासिकधर्म जैसे मुद्दे पर खुल कर बात भी करेंगे जिससे घर की महिलाएं बिना संकोच किए पीरियड्स से होने वाली बीमारियों का सामना कर अपनी जिंदगी को स्वस्थ्य और सुरक्षित रख पायेंगी, विशु अभी तक 8 बच्चियों का पहला पीरियड सेलिब्रेट कर चुके हैं और कई स्लम बस्तियों में प्रति माह हज़ारों जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड भी देते हैं इसके अलावा शहर के अलग अलग चौक चौराहे पर पोस्टर लिए खड़े हो कर लोगों को जागरूक करते हुए उनसे सेनेटरी पैड डोनेट और पीरियड डे सेलिब्रेट करने की अपील भी करते हैं इस मुहिम को ले कर काफी लोग विशु की सराहना कर रहे हैं और उनका साथ भी दे रहें हैं इस कार्यक्रम में विशु के साथ सुमनलता , प्रवीण , रूपेश, विशाल, छोटू, कन्हैया, गौतम, रवि,शिवम, जितेंद्र सिंह, मोनिका, नीशू के अलावा अन्य उपस्थित थे।

गंगा किनारे पटना के वोटर्स लगाएंगे चौके-छक्के

## दीघा घाट पर होगा इंडियन वोटर्स लीग का होगा आयोजन, मैच के साथ वोटर्स को किया जाएगा जागरूक

नई सोच एक्सप्रेस

लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग पटना में 1 जून को होगी। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जगारूक करने के लिए पटना नगर निगम इंडियन वोटर्स लीग (IVL) कराने जा रहा है। यह देश में पहली बार होगा जब वोटिंग के लिए जागरूक करने के लिए क्रिकेट लीग का आयोजन हो रहा हो। इंडियन वोटर्स लीग का आयोजन गंगा किनारे दीघा घाट पर होगा। इसमें नए वोटर्स, महिला वोटर्स, दिव्यांग वोटर्स, युवा वोटर्स, बुजुर्ग वोटर्स, आदि की टीम रहेगी।

**500 से अधिक लाइटें लगाई जाएंगी**: पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि स्पोर्ट्स एक्टिविटी से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। निस्संदेह इस लीग को गंगा किनारे आयोजित किया जाएगा। साइट का इंस्पेक्शन टीम मेंबर ने कर लिया है। एक से दो दिनों में पूरा शेड्यूल तैयार हो जाएगा। यह मैच शाम के टाइम में आयोजित होगी। इसके लिए मुकम्मल लाइट की व्यवस्था की जाएगी। 500 से अधिक लाइट लगायी जाएंगी।




**15 दिनों तक चलेगा मैच**: नगर आयुक्त ने बताया कि यह आयोजन 15 दिनों तक चलेगा। नगर निगम क्षेत्र में 75 वार्ड हैं। इस कार्य में करीब 900 वाहन लगाए जाएंगे। निगम क्षेत्र में सभी डोर टू डोर कचरा वाहन पर लगी माइक से IVL संबंधी संदेश प्रसारित किया जाएगा। पटना शहर में लोगों को मतदान के तहत जागरूक करने के लिए यह पूरा काम किया जा रहा है। यह लीग वार्ड स्तर से शुरू होकर, अंचल और फिर निगम स्तर पर होगा। कई वार्डों को मिलाकर टीमें बनाई जाएगी। इसके बाद मुकाबले होंगे। IVL में शामिल होने टीम हर आयु वर्ग की होगी।

## पति-पत्नी ने की खुदकुशी, लिखा- ससुराल वालों को मत बताना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना** में शुक्रवार सुबह पति-पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किचन से सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड में नोट में पति ने अपने दोस्त को लिखा है कि मैं अपना शरीर त्याग रहा हूं। मेरे मरने के बाद छोटी बेटी को किसी अनाथालय में पहुंचा देना..उस रोने मत देना। हमारे मरने की जानकारी ससुराल को मत देने...क्योंकि मेरी पत्नी की यह आखिरी इच्छा है। मेरे पर्स में कुछ पैसे हैं..तुम इनसे हमारा अंतिम संस्कार कर देना...बस तुमसे अंतिम प्रार्थना है कि तुम मेरी छोटी बेटी को ठीक से पहुंचा देना या पाल लेना। यह मेरा आखिरी खत है।.... मामला बेऊर थाना स्थित दशरथा गांव के इंद्रपुरी मोहल्ले का है। घटना की सूचना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बेऊर थाना को दी। सूचना मिलने के बाद बेऊर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर पति-पत्नी के शव को अपने कब्जे में लेकर



पटना में दोस्त से कहा- बेटी को अनाथालय छोड़ देना, तुम्हारा बड़ा उपकार होगा

पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

घटना की पुष्टि करते हुए फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विक्रम सिहाग ने बताया कि मामला आपसी पारिवारिक विवाद का बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय चॉकबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम रवाना

**शेखपुरा के 15 खिलाड़ी शामिल, जालंधर में 28 अप्रैल तक आयोजन**



13वीं सब जूनियर अंडर-15 और 14वीं जूनियर अंडर–19 बालक राष्ट्रीय चॉकबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरुवार को बिहार से सभी खिलाड़ी रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 26 से 28 अप्रैल तक पंजाब चॉकबॉल फेडरेशन और इंडियन चॉकबॉल फेडरेशन की ओर से जालंधर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित की जाएगी। बिहार चॉकबॉल फेडरेशन के उपाध्यक्ष आचार्य गोपाल ने बताया 21 और 22 अप्रैल को बरबीघा शहर के खेल परिसर में राज्य स्तरीय चॉकबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके बाद नेशनल के लिए चयनित खिलाड़ी को 23 और से 24 दो दिन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शेखपुरा, लखीसराय, नालंदा, पटना, नवादा आदि जिला के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें सभी वर्ग में शेखपुरा विजेता रहा। वहीं उप विजेता का खिताब नालंदा लेकर गया। खिलाड़ियों और कोच की जानकारी देते हुए बिहार चॉकबॉल प्रतियोगिता के सचिव धर्मराज दुबे ने बताया कि नेशनल प्रतियोगिता में बब्लू कुमार (कोच), मुकेश कुमार (कोच), विकाश कुमार (प्रबंधक), भूषण कुमार (प्रबंधक), धर्मराज दुबे (बिहार सचिव) का नाम शामिल है। जबकि टीम में शेखपुरा से ऋषभ राज, सन्नी कुमार, शुभम कुमार, राम राज, ओजस अमृत, अनुकल्प सैनी, कन्हैया कुमार, शुभम कुमार, हर्ष राज, सुंदरम कुमार, शुभम कुमार, सुप्रीत कुमार, अनंगपाल का नाम शामिल है । इसके अलावा नालंदा से सन्नी कुमार, राहुल कुमार, रौशन कुमार, प्रीतम कुमार, अंशू कुमार, अंकित कुमार, हिमांशु कुमार का नाम शामिल है। खिलाड़ियों को रवाना करते हुए विनोद कुमार, सुधांशु शेखर, संजीव कुमार, प्रिंस सहित अन्य लोगों ने जीत की कामना की।

### थाने के बाहर लगे तीन वाहनों में लगी आग, दमकल से तीन घंटे बाद बुझी आग



**गया** के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मुफस्सिल थाने के बाह रखी ट्रकों में आग लग गई। एक ट्रक में आग लगने के बाद लपटें दूसरे ट्रक तक फैल गई। अगलगी में एक ट्रैक्टर भी जला है। घटना को लेकर मुफस्सिल थाना की पुलिस ने इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन दस्ता मुफस्सिल थाना पहुंचा। थाना के मुख्य द्वार के पास लगी आग बुझा दी गई, पर वाहन पूरे जल चुके थे। गया अग्निशमन विभाग के कर्मी अरविंद कुमार ने बताया कि सुबह 1:00 बजे मुफस्सिल थाने के पुलिस पदाधिकारी ने अग्निशमन विभाग में फोन कर जानकारी दी थी कि थाना के बाहर आग लग गई है। जानकारी मिलने के बाद अग्निशमन वाहन लेकर मुफस्सिल थाना पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। जिसमें करीब तीन घंटे लगे। मुफस्सिल थाना के पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि अचानक आग लग गई। आग लगने से दो ट्रक जल गए हैं। इसकी जानकारी अग्निशमन दस्ता को दी गई थी। दस्ता आई और किसी तरह आग पर काबू भी पाया। किंतु तब तक दोनों ट्रक पूरी तरह जल चुके थे। आग कैसे लगी समझ नहीं आ रहा है। आशंका जताई जा रही है कि शार्ट-सर्किट के कारण आग लगी है। फिलहाल जांच की जा रही है।

### हथियार और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार, घर पर हुई छापेमारी, पुलिस को देखकर दूसरा बदमाश मौके से हुआ फरार

**नालंदा**। नालंदा की लहेरी पुलिस ने रायफल और दो जिंदा कारतूस के साथ बदमाश को पकड़ा है। पकड़ा गया बदमाश लहेरी थाना क्षेत्र के गगन दीवान मोहल्ला निवासी इबरार का पुत्र मोहम्मद इमरान है। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि मोहम्मद इमरान की पत्नी ने प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया था। इसके लिए मोहम्मद इमरान को थाना बुलाया गया। जब थाना बुलाकर उससे पूछताछ की गई एवं उसके मोबाइल की जांच की गई तो उसमें एक हथियार के साथ उसका फोटो मिला।

**2016 में जेल जा चुका है:** हथियार के साथ फोटो मिलने के उपरांत जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि पक्की तालाब निवासी मुन्ना के घर में हथियार रखा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर मुन्ना के घर में पलंग के नीचे से एक रायफल और दो कारतूस बरामद किया। हालांकि पुलिस की भनक पाकर मुन्ना कट्टा लेकर घर से फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। आरोपी मोहम्मद इमरान 2016 में हत्या के मामले में जेल जा चुका है। आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। छापेमारी टीम में दारोगा सर्वेश कुमार सिद्धार्थ, निशा भारती समेत लहेरी थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

### विदाई से पहले वोट देने पहुंची दुल्हन, कहीं यूरिन की थैली लेकर वोट देने पहुंचा मरीज

**पटना**। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच सीटों पर वोटिंग हो रही है। किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, पूर्णिया और बांका में सुबह सात बजे से ही वोटरों में उत्साह देखने को मिल रहा है। बिहार में गर्मी भी चरम पर है, लेकिन चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर पोलिंग बूथों पर वोटर्स पहुंच रहे हैं। वोटिंग के दौरान लोकतंत्र की खूबसूरत तस्वीरें कैमरे में कैद हुई। कहीं, एक दुल्हन विदाई से पहले वोट डालने पहुंच गई तो कहीं ठेले पर बैठकर 85 साल की बुजुर्ग वोट डालने पहुंची। इस दौरान रोबोट के जरिए लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक किया गया।

# चिलचिलाती धूप के साथ गुमश भरी गर्मी के बीच कटिहार जिले के मतदान केदों पर मतदाताओं ने मताधिकार का किया प्रयोग

नई सोच एक्सप्रेस








- **मतदान केंद्र पर महिलाएं बड़ी संख्या में लिया भाग**
- **मतदान केंद्र पर शेड तथा व्हील चेयर की व्यवस्था थी**

**कटिहार**। चिलचिलाती धूप के साथ-साथ गुमश भरी गर्मी के बीच कटिहार जिले के विभिन्न मतदान केदो पर मतदाताओं ने अपना अपना मताधिकार का प्रयोग किया। निर्धारित समय सुबह 7:00 से अधिकांश मतदान केंद्र पर मतदान कार्य प्रारंभ हो गया। सुबह 6:00 बजे से ही ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं ने मतदान केदो पर मतदान करने के उद्देश्य से पहुंच गये। मतदान केंद्र पर स्वतः कतारबद्ध होकर खड़ा हो गए और अपनी-अपनी बारी का इंतजार करने लगे। सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे दिन तक जिले में किसी मतदान केंद्र पर 25%, किसी मतदान केंद्र पर 30%, तो किसी मतदान केंद्र पर 32%, मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 11:00 दिन से 2:00 दिन तक मतदाता की संख्या मतदान केंद्र पर हल्की होती गई। क्योंकि चिलचिलाती धूप के साथ-साथ भीषण गर्मी रहने के कारण इस अवधि में मतदाता मतदान केंद्र पर कम संख्या में पहुंचे।एक बजे तक 35.37% मतदान हुआ।जिसके कारण 3:00 बजे तक किसी मतदान केंद्र पर 40%, तो किसी मतदान केंद्र पर 42%, तो किसी मतदान केंद्र पर 43%, मतदान हुआ। मतदान केंद्र पर महिलाएं बड़ी संख्या में भाग ली। महिला मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान केंद्र पर पेयजल की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मतदाताओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। वैसे अधिकांश मतदान केंद्र पर सेड की व्यवस्था की गई थी। लेकिन धूप इतनी तेज थी कि सेड रहने के बावजूद भी मतदाताओं को धूप एवं गर्मी का सामना करना पड़ा।मतदान केदो पर विकलांग मतदाता के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र पर एक पीठासीन पदाधिकारी, तीन सहयोगी पीठासीन पदाधिकारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। अधिकांश मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कार्य हुआ। प्रशासन के द्वारा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मतदान करने का निर्णय लिया है। 4:00 बजे से धीरे-धीरे मतदान केदो पर मतदाताओं की संख्या बढ़ती गई। निर्धारित समय 6:00 तक मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। किसी बूथ पर 50%,तो किसी बूथ पर 52%, किसी बूथ पर 53%, तो किसी बूथ पर 54%, किसी बूथ पर 55%, किसी बूथ पर 58% मतदान होने की सूचना मिल रही है। वैसे प्रशासनिक स्तर पर अभी तक मतदान की प्रतिशत की संख्या नहीं बताई गई है।डीएम, एसपी,एसडीओ,डीएसपी,बीडीओ सहित उच्च अधिकारी कई मतदान केंद्र का जायजा लिया। संबंधित प्रतिनियुक्ति अधिकारी को कई निर्देश भी दिया।

## जीरो टॉलरेंस का नारा लगाते, लगाते जदयू नेता अपराधियों के हवाले

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा**।आज पूरा बिहार अपराधियों का नगरी बन चुका है, चारों तरफ़ चित्कार मची है। पूरा बिहार रक्तरंजित है बावजूद भाजपाई और जदयू के आंखों पर ऐसी सत्ता के ऐसी मोटी चश्मा चढ़ी हुई है जिससे चारों तरफ जीरो टॉलरेंस (अपराध सुन्य ) झलकती है। जब कभी जीरो टॉलरेंस के नारा लगाने वाले ही अपराधियों के हवाले हो जाते हैं वैसे स्थिति में अपराध रोकने के बदले आंखों पर पानी का फुहारा छिटकर अपना कर्तव्य पूरा कर लेते हैं। जब सत्ताधारी कार्यकर्ताओं जीरो टॉलरेंस का नारा लगाते हैं तो भाजपा और जदयू के बड़े-बड़े पद पर बैठे गदगद हो जाते हैं। आजादी से पहले अंतिम बैठक ब्रिटेन में हुआ था, ब्रिटेन के विंस्टन चर्चिल ने कहा था कि भारत अभी आज़ाद के काबिल नहीं, आजादी मिलते ही भारत अपराधियों के हवाले हो जाएगा, आज मेरा एक चौकीदार से जितना अपराधी भय खाता है उतना भय पुलिस के बड़े-बड़े अधिकारियों से भी नहीं होगा, आजादी के बाद लाशों की कतारें सजेगी, चर्चिल का कहा हुआ आज सत्य प्रतित होता है। पटना से सटे पुनपुन जानीपुर एम्स रोड स्थित बड़हिया कॉल के पास बाइक सवार दो अपराधियों ने जदयू नेता और घर का चिराग सौरव कुमार को गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आंसू का नाटक शुरू हो जाएगा। अपराध रोकना पुलिस का नहीं सरकार का काम है। उत्तर प्रदेश में सिर्फ सरकार बदली है पुलिस वही है, अपराध में 90 प्रतिशत कमी आई है। अपराध रोकने के लिए बिहार के सम्राट चौधरी को सत्ता सौंपनी होगी। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को कहा है कि जब सम्राट चौधरी को सत्ता सौंपी जाए तथा आदित्यनाथ योगी क के तरह कदम उठाने के बाद ही जीरो टॉलरेंस के नारा लगाने के चिंतन करना होगा।

## भारत सरकार ने इथेनॉल ब्लेंडिंग के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मक्का उत्पादन में तेजी लाई

नई सोच एक्सप्रेस

**मुजफ्फरपुर**। भारत सरकार कृषि पद्धतियों में क्रांतिकारी बदलाव लाने और इथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए साहसिक कदम उठा रही है। जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग के लक्ष्य को हासिल करना है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य देश भर में मक्का की खेती को बढ़ावा देना है, जिसमें इसकी स्थिरता और आर्थिक लाभों पर जोर दिया गया है। किसानों को समर्थन देने और एक सहज बदलाव सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस प्रयास में, सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मक्का के लिए सुनिश्चित खरीद तंत्र स्थापित किया है। यह पहल किसानों, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों , किसान उत्पादक संगठनों और किसान उत्पादक कंपनियों तक फैली हुई है। किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण उनके हितों की रक्षा करता है, जिससे उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित होता है। एग्रीबिड प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ आशुतोष मिश्रा ने एनसीसीएफ के सहयोग से किसानों को सशक्त बनाने और विभिन्न वस्तुओं की खरीद को सुविधाजनक बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। एग्रीबिड प्राइवेट लिमिटेड का सहयोग कृषि परिवर्तन और आर्थिक सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने वाले सहयोगी प्रयासों को रेखांकित करता है। एमडी एनसीसीएफ एनीस जोसेफ चंद्रा ने कहा, मक्का हमारे किसानों और इथेनॉल उद्योग के लिए एक आशाजनक अवसर प्रस्तुत करता है। मक्का की खेती को बढ़ावा देकर, हम न केवल अपने इथेनॉल मिश्रण लक्ष्यों को मजबूत करते हैं, बल्कि हमारे कृषि हितधारकों की आर्थिक भलाई में भी योगदान करते हैं।

## यूजी सेम-1 में नामांकन के लिए 33510 आवेदन

नई सोच एक्सप्रेस

**मुंगेर**। मुंगर विवि में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय डिग्री कोर्स सेम-1, सत्र 2024-28 में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। जिसे फिलहाल 20 अप्रैल यानी शनिवार से विस्तारित कर 30 अप्रैल कर दिया गया है। आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन चल रही है। बुधवार तक कुल 33030 विद्यार्थियों ने नामांकन के लिए विधिवत ऑनलाइन शुल्क जमा कर दिया था। अब जब आवेदन की तिथि को 30 अप्रैल तक विस्तारित कर दी गई है, तो बुधवार तक तीनों संकाय में कुल 33510 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया। जिसमें कला संकाय में 29306, विज्ञान संकाय में 3943 तथा वाणिज्य संकाय में 261 विद्यार्थियों ने आवेदन किया। पीआरओ ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं मुंगेर विवि के नामांकन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर शुल्क जमा कर सकते हैं।

## पौधे देकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**।प्रखंड मुख्यालय के बाबा गणिनाथ चौक स्थित अवर डाकघर परिसर में आए सभी ग्राहको एवं डाकघर में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मियों के बीच एक-एक वृक्ष भेंट कर अपना एक-एक बहुमूल्य वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। वृक्ष भेंट करने वाले जल जीवन हरियाली योजना के ब्रांड एंबेसडर सेवानिवृत्त कैप्टन महेंद्र राय द्वारा लोगों को लोकतंत्र के महापर्व जो 5 साल में एक बार आता है अपना बहुमूल्य वोट देकर लोकतंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। मौके पर उन्होंने नारा दिया वृक्ष लगाए मतदान करें एवं अपने अगल-बगल लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। जो भाई-बहन दूसरे प्रदेश में रहकर सरकारी गैर सरकारी कार्य करते हैं वे भी छुट्टियां लेकर लोकतंत्र के इस महा पर्व में एक दिन अवश्य शामिल हों। कार्यक्रम में अनेक ग्राहक, ग्रामीण, गणमान्य लोग शामिल हुए।

## बढिखाप गांव के पूर्व सरपंच नसरू जमा खान का निधन, पैरालायसिस का चल रहा था इलाज

नई सोच एक्सप्रेस

**गया** जिले के इमामगंज प्रखंड के झिकटिया पंचायत के बढिखप गांव के चर्चित व्यक्ति सह पूर्व सरपंच समाजसेवी जनाब नसरू जमा खान का आज निधन हो गया। वहीं शुक्रवार को उनके पैतृक गांव शमशाबाद में बाद जुमा जनाजे की नमाज अदा की गई। इसके बाद शमशाबाद कब्रिस्तान में उनके पाक शरीर को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। नसरू खान इमामगंज के बड़े समाजसेवी थे हर जाति हर धर्म के लोगों के लिए हमेशा उनके सुख-दुख में खड़े रहते थे। बताया जाता है कि 90 के दशक में इमामगंज में जहां गरीबों पर जुल्म हो रहा था। वहां पर नसरू जमा खान गरीबों की न्याय की लड़ाई लड़ रहे थे। आज इस लिए इमामगंज प्रखंड के लोग इनकी मृत्यु से काफ़ी दुःखी है। दरअसल इन्हें पैरालायसिस अटैक कर गया था, जिसके बाद से इनका चल फिरना बंद हो गया था।



**रांची के निजी अस्पताल में चल रहा था इलाजः** हालांकि 11 अप्रैल को ईद-उल-फितर की नमाज़ नूरी जामा मस्जिद शमसाबाद में बहुत आराम से अदा किया और सभी गांव के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबादी दिया। इसके बाद इनकी तबियत बिगड़ गई। फिर इन्हें रांची के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद हालात नहीं सुधरता देख डॉक्टर ने जवाब दे दिया। इसके बाद शुक्रवार को घर पर ही निधन हो गया। इस घटना को सुनकर आसपास के लोग संवेदना व्यक्त करते हुए। परिवार के लोगों के लिए अल्लाह पाक से दुआ किया कि इन्हें सब्र जमील अता फरमाए और मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मोकाम दे। वहीं इस मौके पर इमामगंज प्रखंड के लोग जनाजे की नमाज़ में शामिल हुए।

## अपोलो केयर क्लीनिक द्वारा निःशुल्क परामर्श कैंप का आयोजन





नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**।अपोलो केयर क्लिनिक राजापाकर के परिसर में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श कैंप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर अविनाश कुमार एवं डॉक्टर जेसिका सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा कैंप में आए मरीजों की स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कर परामर्श दी गई। कैम्प में आए महिला पुरुष बच्चो के ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, हीमोग्लोबिन, एचआईवी सहित अन्य जांच भी किए गए। मौके पर महिला पुरुष बच्चों की भारी भीड़ देखी गई। शिविर को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि हर माह में एक दिन अपोलो केयर क्लीनिक में निःशुल्क जांच चिकित्सा परामर्श का आयोजन किया जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि गांव समाज के गरीब गुरबों असहाय लोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा की विशेष व्यवस्था की गई है ।प्रत्येक रविवार को बीपी और शुगर की निःशुल्क जांच की जाती है। मौके पर व्यवस्थापकों में विशाल कुमार, आलोक कुमार, सुनील प्रभाकर कुमार, लालकेश्वर राय, एएनएम अनिता कुमारी, वीरकेश्वर राय, राजीव कुमार सहित कई लोग शामिल हैं।

## युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार यादव के असामायिक निधन पर शोक की लहर

नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**। प्रखंड युवा राजद कार्यकर्ताओं ने राघोपुर प्रखंड के युवा, कर्मठ, मिलनसार 32 वर्षीय युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार यादव के असामायिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि उनका हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हुआ है। पटना के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। लेकिन वे बचाये नहीं जा सके। राघोपुर विधायक सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के काफी नजदीकी थे। उनके हर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे ।उनके निधन से वैशाली युवा राजद इकाई को काफी क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक प्रतिमा कुमारी , युवा राजद अनुमंडल अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ पंकज यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष कैलाश राय, युवा राजद नेता सुबोध पटेल, अजय यादव ,आमोद यादव, तपसी प्रसाद सिंह, राजीव राय, मोहम्मद कमरे आलम सहित अनेक लोग शामिल हैं।

# शायर सुशील साहिल की अगवाई में ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन मनोज कुमारसाह

नई सोच एक्सप्रेस

**गोड्डा।** ई सी एल राजमहल प्रोजेक्ट के पूर्व चीफ इंजीनियर सह कवि-शायर सुशील साहिल की अगवाई में साहित्यकारों के प्रतिनिधिमंडल ने हरिद्वार और ऋषिकेश का दौरा किया। इस साहित्यिक यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों के कवि एवं शायरों ने हिस्सा लिया। साहित्यिक सह आध्यात्मिक यात्रा जमशेदपुर की संस्था "सार्थक सम्वाद,अपनी आवाज़ अपने अल्फ़ाज़ द्वारा आयोजित किया गया। संरक्षिका डॉ रागिनी भूषण एवम संस्थापिका सोनी सुगन्धा के सहयोग से ऋषिकेश पंडा समाज ने संध्या आरती के बाद त्रिवेणी घाट पर कल कल छल छल बहती मां गंगा की दिव्य धारा के सामने भव्य कवि सम्मेलन का कार्यक्रम रखा। भाग लेने वाले सभी कवियों ने मां



गंगा की स्तुति करते हुए अपनी अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय समाज में तीर्थ स्थान के महत्व को विस्तार से वर्णित किया। कवियों ने शुद्ध जल की आवश्यकता एवं उनके संरक्षण पर जोर दिया। कोल्हान विश्वविद्यालय की संस्कृत भाषा प्रमुख रही डॉ रागिनी भूषण ने अपने वक्तव्य में कहा कि जल ही जीवन है ।जल का एक-एक बूंद बहुमूल्य है ।अतः हमें इसका उपयोग सोच समझ कर करना चाहिए। हमें धरोहर के रूप में प्राप्त नदियों, तालाबों एवं अन्य जलाशयों को साफ सुथरा रखने के प्रति सजग रहना चाहिए। इस सम्मेलन में जिन्होंने रचना पाठ किया उनमें जमशेदपुर से वरिष्ठ कवित्री कवयित्री डॉ रागिनी भूषण, नीमच मध्य प्रदेश से वरिष्ठ शायर प्रमोद रामवत, मोरयाना राजस्थान से कवि बालमुकुंद राजपुरोहित, महगामा गोड्डा से शायर सुशील साहिल, बक्सर बिहार से गीतकार शैलेंद्र पाण्डेय शैल, मुंबई से कोहना मश्क़ शायर मन्नान फ़राज़, छिंदवाड़ा से कवयित्री डॉ दीपशिखा सागर, बड़ौदा गुजरात से कवयित्री डॉ राखी सिंह कटियार, पानीपत हरियाणा से शायरा सोनिया सोनम अक्स, मुंबई फिल्म सिटी से स्क्रिप्ट राइटर एवं गीतकार रासबिहारी पाण्डेय,मधुबनी बिहार से कवि नीलाम्बर चौधरी, दिल्ली से युवा कवि विवेक शर्मा, पटना से कवि अविनाश बन्धु एवं आराधना प्रसाद तथा जमशेदपुर से सोनी सुगन्धा आदि प्रमुख हैं। इस ऋषिकेश धाम प्रचारिणी सभा प्रमुख विनय उनियाल ने सभी आगंतुक कवियों कवित्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें गंगा आरती कराई तथा प्रसाद स्वरूप , रुद्राक्ष की माला, गंगाजल, अंग वस्त्र एवं फल इत्यादि प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रागनी भूषण ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सोनी सुगंधा ने किया।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह

मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

### विकास वैभव युवाओं में सामाजिक, नैतिक, भावनात्मक, शारीरिक और संज्ञानात्मक दक्षता विकसित कर रहे



**[ बिहार की विशाल युवा पीढ़ी लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़ने के बाद लघुवादों की जालों को तोड़ रही हैं। युवा पीढ़ी को समझ में आ रहा है कि देश और राज्य के लिए क्या हितकारी है। इन तमाम युवाओं के हृदय में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करने का सम्पूर्ण श्रेय आईपीएस विकास वैभव को जाता है। ]**

ब्रिटिश शासन से स्वतन्त्रता प्राप्त करने के बाद भारत को नए राष्ट्र के निर्माण में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा क्योंकि आजादी साथ-साथ देश का भी विभाजन हुआ। दोनों ही राष्ट्रों की पृष्ठभूमि धार्मिक आधार पर बँटी हुई तथा कर्ज और बीमारी से त्रस्त थी। उन परिस्थितियों में तत्कालीन भारत की युवा पीढ़ी ने कठीन परिश्रम और पुरुषार्थ का परिचय दिया। उन्हीं का प्रयास था जो आज भारत का नाम और मान दोनों विश्व स्तर दिखाई दे रहा हैं। आज, राष्ट्र का, विश्व-छवि वाले एक सशक्त राष्ट्र के रूप में निर्माण करने के प्रति वचनबद्ध होने का समय आ गया है और ऐसा केवल युवा-वर्ग की भागीदारी से ही किया जा सकता है। कोई भी राष्ट्र अपनी आकांक्षाएं एवं सपने युवा-वर्ग के संपूर्ण तथा उत्साहपूर्ण योगदान से पूर्ण एवं साकार कर सकता है। पर्याप्त रोजगार के साथ एक मजबूत और मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था का निर्माण, ढांचा और विकास करना भी स्वतंत्रता के दौरान भारतीय नेताओं के लिए एक दूरदर्शी चुनौती थी। सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक समानता- स्वतंत्रता के बाद सबसे महत्वपूर्ण कार्य सभी भारतीयों को राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक समानता प्रदान करना था। व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है। एक जिम्मेदार व्यक्ति के लिए समाज और राष्ट्र के प्रति भी जिम्मेदारी होती है। अगर इसका निर्वाह नहीं किया जाए तो उन्नत, सुसंस्कृत एवं आदर्श समाज या देश की कल्पना संभव नहीं है। विभाजन और पुनर्वास प्रक्रिया के दौरान सामने आने वाली कुछ चुनौतियों में सांप्रदायिक हिंसा, बड़े पैमाने पर प्रवासन और विस्थापित आबादी को समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास की आवश्यकता शामिल थी। नए राष्ट्र को संपत्ति के अधिकार, नागरिकता और शरणार्थियों के पुनर्वास के मुद्दों का समाधान करना था। वह राष्ट्र जो अपने इतिहास एवं संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए प्रयत्नशील हो एवम अपनी संस्कृति को मानने वाले एवं सम्मान करने वाले लोगो के द्वारा संचालित हो ऐसे राष्ट्र का निर्माण ही राष्ट्र निर्माण है। युवा शक्ति किसी भी देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। यह देखा जा सकता है कि हमारे राष्ट्र के लिए कई परिवर्तन, विकास, समृद्धि और सम्मान लाने में युवा सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं। इतना ही नहीं समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। युवा देश और समाज के जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वाकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं। उनकी आंखों में भविष्य के इंद्रधनुषी स्वप्न होते हैं। समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। बिहार की विशाल युवा पीढ़ी लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़ने के बाद लघुवादों की जालों को तोड़ रही हैं। युवा पीढ़ी को समझ में आ रहा है कि देश और राज्य के लिए क्या हितकारी है। इन तमाम युवाओं के हृदय में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करने का सम्पूर्ण श्रेय आईपीएस विकास वैभव को जाता है। युवा किसी राष्ट्र के विकास के आधार हैं। वे राष्ट्र के सबसे ऊर्जावान भाग हैं और इसलिए उनसे बहुत उम्मीदें हैं। सही मानसिकता और क्षमता के साथ युवा राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकते हैं और इसे आगे बढ़ा सकते हैं। युवा ऊर्जा से भरी नदी की तरह है, जिसके प्रवाह को एक सही दिशा की आवश्यकता है। सही दिशा देने का प्रयास आईपीएस विकास वैभव लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से कर रहे है। युवाओं को प्रत्येक देश की सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति माना जाता है क्योंकि उनकी बुद्धिमता और कड़ी मेहनत देश को सफलता और समृद्धि की राह पर ले जाती है। जैसा कि प्रत्येक नागरिक का राष्ट्र के प्रति कुछ उत्तरदायित्व होता है, वैसे ही युवाओं का भी है। निष्कर्षःयुवा उस चिंगारी के साथ बड़ा होता है, जो कुछ भी कर सकता है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान युवाओं के भविष्य पर चिंतनशील हैं। बिहार में युवा विकास लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का प्राथमिक उद्देश्य है। युवा विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जो एक युवा व्यक्ति को किशोरावस्था और वयस्कता की चुनौतियों का सामना करने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए तैयार करती है। युवा विकास को उन गतिविधियों और अनुभवों के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है जो युवाओं को सामाजिक, नैतिक, भावनात्मक, शारीरिक और संज्ञानात्मक दक्षता विकसित करने में मदद करते हैं। बिहार की वर्तमान स्थिति और जरूरत युवाओं का विकास है। इस तरह से राष्ट्र और बिहार राज्य के हित के लिए आईपीएस विकास वैभव एक बेहतरीन कार्य कर रहे है। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं। और, विकास वैभव के मार्गदर्शन में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़ते हैं।

## कश्मीर से कन्याकुमारी की यात्रा से लौटे आइकॉन राजन कुमार का मुंगेर में स्वागत

नई सोच एक्सप्रेस



**मुंगेर।** चुनाव आयोग के आइकॉन राजन कुमार ने वोटर्स को जागरूक करने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की और जब वह अपने पैतृक गांव मुंगेर पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका शानदार स्वागत किया। मालूम हो कि हीरो राजन कुमार मुंगेर पुत्र हैं। मुंगेर से उनका लगाव जग जाहिर है। पिछले दिनों टेटिया बम्बर प्रखंड में शमशान भूमि का निर्माण करवाना हो या कला ग्राम के कारण वह चर्चा में रहते हैं। यूनिवर्सिटी का सपना लिए ग्रामीणों के बीच राजन कुमार का आना जाना लगा रहता है। इस बार मौके को खास बनाया किलकारी मुंगेर के बच्चों ने, जो राजन कुमार से बहुत प्यार करते हैं। डॉ उदय शंकर ने कहा कि राजन कुमार केवल इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के आइकॉन नहीं है बल्कि वह हमारे मुंगेर को भी पूरी दुनिया के सामने रिप्रेजेंट करते हैं। इसलिए वह हम सब के आइकॉन भी हैं। यहां बच्चों ने राजन कुमार को बहुत सारे तोहफे दिए। राजन कुमार के स्केच बनाकर उन्हें गिफ्ट किया गया। बच्चों से मिलकर और इतना सम्मान पाकर राजन भी भावविभोर हुए। उन्होंने कहा कि देश मे चुनाव चल रहा है और हमें अपने वोट का प्रयोग करना ही है। चार्ली चैपलिन द्वितीय के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा चुके और इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के आइकॉन हीरो राजन कुमार ने कश्मीर से कन्याकुमारी की अनोखी यात्रा मतदाताओं को वोटिंग के लिए जागरूक करने के लिए की। हीरो राजन कुमार ने महेंद्र लालका, डॉ पवन अग्रवाल, पद्मश्री बिमल जैन और डॉ अनील काशी मुरारका सहित कई प्रेरणादायक हस्तियों का आभार जताया जिनके मार्गदर्शन की वजह से उन्होंने इस यात्रा को अंजाम दिया। इससे पहले भी राजन कुमार ने वोटिंग ट्री के माध्यम से लोगों को जागरूक किया था।

## नाबालिक दुष्कर्म मामले में न्यायालय ने 20 वर्ष का सजा सुनाया

नई सोच एक्सप्रेस



- 4 वर्षीय पीड़िता को दिया जाएगा 5 लाख का मुआवजा

**मधुबनी।** जिले के साहरघाट थाना क्षेत्र में घटित एक गांव में 4 वर्षीय एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म की मामला काफी सनसनी मचा रखा था। धटना मामला के संबंध में उस समय जानकारी प्राप्त हुई थी कि पीड़िता जब अपने दादा के साथ घर के बाहर मचान पर सोई हुई थी। रात के एक बजे पीरिता की मां की नींद खुली तो बच्ची को मचान पर नहीं पाकर अनहोनी से ग्रसीत हो परेशान हो गई। इस बात को लेकर महिला ने परिवार के लोगों को बताई और परिवार के सभी लोग मिलकर बच्ची को खोजने लगे। इसी बिच कुछ दूर हटकर लोगों को कुछ आवाज सुनाई दीया। तो सभी लोग जा कर देखा जहां अभियुक्त मनोज यादव नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म कर रहा था। बच्ची दर्दसे कराह रही थी। लोगों ने दुष्कर्मी को पकर लिया और साहरघाट पुलिस को सुपुर्द कर दिया। वही बच्ची को इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जाया गया। थाना पुलिस ने पकरे गए दुष्कर्मी के विरुद्ध 376 दुष्कर्म एवं 3, 4 पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर दुष्कर्मी को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। वही मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी पाते हुए 376 दुष्कर्म एवं 3, 4 पोक्सो एक्ट में सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 20 हजार रुपए की जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की रुपया नहीं देने पर अभियुक्त को अलग से छे महीने की जेल की सजा काटना पड़ेगा। साथ ही न्यायालय के आदेश से पीरिता को 5 लाख की मुआवजे की राशी अलग से दी जाएगी।

## शायर सुशील साहिल की अगवाई में ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन मनोज कुमारसाह





नई सोच एक्सप्रेस

**गोड्डा।** ई सी एल राजमहल प्रोजेक्ट के पूर्व चीफ इंजीनियर सह कवि-शायर सुशील साहिल की अगवाई में साहित्यकारों के प्रतिनिधिमंडल ने हरिद्वार और ऋषिकेश का दौरा किया। इस साहित्यिक यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों के कवि एवं शायरों ने हिस्सा लिया। साहित्यिक सह आध्यात्मिक यात्रा जमशेदपुर की संस्था "सार्थक सम्वाद,अपनी आवाज़ अपने अल्फ़ाज़ द्वारा आयोजित किया गया। संरक्षिका डॉ रागिनी भूषण एवम संस्थापिका सोनी सुगन्धा के सहयोग से ऋषिकेश पंडा समाज ने संध्या आरती के बाद त्रिवेणी घाट पर कल कल छल छल बहती मां गंगा की दिव्य धारा के सामने भव्य कवि सम्मेलन का कार्यक्रम रखा। भाग लेने वाले सभी कवियों ने मां गंगा की स्तुति करते हुए अपनी अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय समाज में तीर्थ स्थान के महत्व को विस्तार से वर्णित किया। कवियों ने शुद्ध जल की आवश्यकता एवं उनके संरक्षण पर जोर दिया। कोल्हान विश्वविद्यालय की संस्कृत भाषा प्रमुख रही डॉ रागिनी भूषण ने अपने वक्तव्य में कहा कि जल ही जीवन है ।जल का एक-एक बूंद बहुमूल्य है ।अतः हमें इसका उपयोग सोच समझ कर करना चाहिए। हमें धरोहर के रूप में प्राप्त नदियों, तालाबों एवं अन्य जलाशयों को साफ सुथरा रखने के प्रति सजग रहना चाहिए। इस सम्मेलन में जिन्होंने रचना पाठ किया उनमें जमशेदपुर से वरिष्ठ कवित्री कवयित्री डॉ रागिनी भूषण, नीमच मध्य प्रदेश से वरिष्ठ शायर प्रमोद रामवत, मोरयाना राजस्थान से कवि बालमुकुंद राजपुरोहित, महगामा गोड्डा से शायर सुशील साहिल, बक्सर बिहार से गीतकार शैलेंद्र पाण्डेय शैल, मुंबई से कोहना मश्क़ शायर मन्नान फ़राज़, छिंदवाड़ा से कवयित्री डॉ दीपशिखा सागर, बड़ौदा गुजरात से कवयित्री डॉ राखी सिंह कटियार, पानीपत हरियाणा से शायरा सोनिया सोनम अक्स, मुंबई फिल्म सिटी से स्क्रिप्ट राइटर एवं गीतकार रासबिहारी पाण्डेय,मधुबनी बिहार से कवि नीलाम्बर चौधरी, दिल्ली से युवा कवि विवेक शर्मा, पटना से कवि अविनाश बन्धु एवं आराधना प्रसाद तथा जमशेदपुर से सोनी सुगन्धा आदि प्रमुख हैं। इस ऋषिकेश धाम प्रचारिणी सभा प्रमुख विनय उनियाल ने सभी आगंतुक कवियों कवित्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें गंगा आरती कराई तथा प्रसाद स्वरूप , रुद्राक्ष की माला, गंगाजल, अंग वस्त्र एवं फल इत्यादि प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रागनी भूषण ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सोनी सुगंधा ने किया।

## 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी गर्म हवा

नई सोच एक्सप्रेस



**दोपहर 12 से 3 बजे तक घर से न निकलने की एडवाइजरी**

**गया** भीषण गर्मी की चपेट में है। गर्मी की तल्खी बढ़ती ही जा रही है। सुबह से लेकर शाम तक लू से लोग परेशान हैं। यही वजह है कि राज्य के मौसम विभाग की ओर से बार-बार अलर्ट जारी किया जा रहा है। विभाग का कहना है कि 26 अप्रैल को दिन के 12 बजे से लेकर 3 बजे तक हो सके तो घर से न निकलें। क्योंकि इस दौरान 20 से 30 किलोमीटर प्रति घण्टे की स्पीड से सतही गरम हवा बहने वाली है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है।

**लू से बचने के लिए एडवाइजरी जारीः** अति आवश्यक काम हो तो ही घर से निकलें। साथ ही खुद की बॉडी को हाइड्रेंट रखने के लिए लिक्विड का भरपूर प्रयोग करें। आपदा विभाग की ओर लू से बचने के लिए एडवाइजरी भी जारी की जा चुकी है। जिले के डीएम डॉ. त्यागराजन की ओर से जारी आदेश के तहत जिले सभी सरकारी अस्पतालों में लू की चपेट में आने वाले लोगों के लिए बेड सुरक्षित रखे गए हैं। गुरुवार को जिले का तापमान 42 डिग्री के करीब रहा। जबकि बुधवार को 40 के पार तापमान था।

**सड़कों पर ट्रैफिक काफी कम रहाः** गर्मी की वजह से सुबह दस बजे से ही सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होने लगा है। जबकि यह समय पिक आवर का होता है। दोपहर होते-होते मुख्य सड़कों पर भी सन्नाटा छाने लग रहा है। सड़कों पर पैदल चलने वाले बेदम हो रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक एसके पटेल का कहना है कि गर्मी के साथ-साथ लू का प्रकोप भी जिले में बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है। फिलहाल गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

## हथियार और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



नालंदा की खुदागंज थाना की पुलिस ने हथियार-कारतूस के साथ एक बदमाश को पकड़ा है। अपराधी खुदागंज थाना क्षेत्र के बैरा गांव निवासी फौदारी यादव का पुत्र नीतीश कुमार उर्फ पुटिया है। डीएसपी गोपाल कृष्णा ने बताया कि खुदागंज थाना के सरकारी मोबाइल पर एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ था। जिसमें एक व्यक्ति देसी कट्टा की नुमाइश करते हुए दिखाई दे रहा था। इसके उपरांत थाना अध्यक्ष ने वरीय पदाधिकारी को मामले की जानकारी दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा-2 इस्लामपुर के नेतृत्व में खुदागंज थाना अध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वायरल वीडियो का सत्यापन किया। जांच में यह बात सामने आई की थाना क्षेत्र के मदरगंज के समीप एक ट्रक लगा हुआ है उसी में नीतीश सोया हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने नीतीश को हिरासत में ले लिया, तलाशी लेने के क्रम में उसके पास से एक लोडेड कट्टा, तीन कारतूस बरामद किया गया। उसकी गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार नीतीश का आपराधिक इतिहास पुलिस खंगालने में जुट गई है। नीतीश के पास से एक कट्टा 315 बोर का तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

# सिधारिया में अचानक लगी आग, डेढ़ दर्जन घर सहित लाखों की संपति जल कर राख

नई सोच एक्सप्रेस





सिधारिया में आग बुझाते ग्रामीण व दमकल कर्मी

- पांच बीघा गेहूं, 18 घर, एक भैंस , बकरियां सहित लाखों की संपत्ति जाली
- दमकल की गाड़ी और सैकड़ो ग्रामीणों के सहयोग से दो घंटे बाद आग पर पाया जा सकता काबू
- पछुआ हवा तेज होने से एक के बाद एक आग की चपेट में आते गए घर

**पंचदेवरी–** कटेया थाना क्षेत्र के सिधारिया में शुक्रवार के दोपहर अचानक आग लग गई । जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गए । इस आगलगी में पांच बीघे में खड़ी गेहूं की फसल, 25 हजार रुपए नगद, अनाज, पैसा, कपड़ा, बर्तन, एक भैंस सहित 5 से अधिक बकरियां जिंदा जल गई । घटना के संबंध में बताया जाता है कि विद्या यादव के घर मे कही से चिंगारी उड़ आया और इसी दौरान घर में अचानक आग लग गई । आसपास के लोग आग बुझाने की भरपूर कोशिश की । परंतु पछुआ हवा तेज होने के कारण आग ने बारी बारी से कई घरों को अपने चपेट में ले लिया । इस दौरान घर के बगल में खड़ी लगभग पांच बीघे से अधिक गेंहू की फसल जलकर राख हो गई । इसकी सूचना दमकल गाड़ी को दी गई । आग का भयावह रूप देखते हुए पंचदेवरी बीडीओ राहुल रंजन सीओ तरुण कुमार रंजन ने कई प्रखंडों से लगभग दो दमकल की गाड़ियों को बुलाया । करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका । स्थानीय लोगों के अनुसार जिन लोगों के घर जले हैं । उनमें वीरेंद्र यादव , शिव बालक यादव , श्री बिद्या यादव , नंदलाल यादव , शर्मा यादव , परम यादव , राजेश यादव , मोती यादव , मोहन यादव सहित 18 लोग शामिल है । इधर घटना की सूचना के बाद हल्का कर्मचारी गोरख यादव मौके पर पहुंचकर जांच की । सीओ तरुण कुमार रंजन ने बताया कि आग लगी की घटना की जांच की जा रही है । पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाएगा । इधर घाटना के बाद पंचदेवरी पिकेट प्रभारी महावीर प्रसाद, स्थानीय मुखिया अशोक गुप्ता, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष बृज किशोर दुबे सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक महकमे के अधिकारी पहुंचकर पीड़ितों का हाल जाना।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि विभाग, बिहार को भारत सरकार द्वारा 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' के तहत् राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र

• किसानों को मोबाईल पर भी उनके खेत के मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा उपलब्ध कराया जा रहा है-संजय कुमार अग्रवाल



**बिहार को 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' के तहत् सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मिला 'प्रशस्ति पत्र'**-सचिव, कृषि विभाग, बिहार श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह गौरव का विषय है कि राष्ट्रीय स्तर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा बिहार को विŸीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' के तहत् सभी राज्यों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 'पशस्ति पत्र' प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा 25 अप्रैल, 2024 को समरसता ऑडिटोरियम, डॉ0 अम्बेदकर इन्टरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' से संबंधित आयोजित समीक्षात्मक बैठक/कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

**कृषि विभाग द्वारा शत्-प्रतिशत मिट्टी नमूना संग्रहण, जाँच तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण**-उन्होंने कहा कि केन्द्र प्रायोजित 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' विŸीय वर्ष 2023-24 में बिहार राज्य का 2 लाख मिट्टी नमूना का संग्रहण, जाँच तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरूद्ध कृषि विभाग द्वारा शत-प्रतिशत मिट्टी नमूना संग्रहण, जाँच तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने आगे बताया कि विŸीय वर्ष 2023-24 से बिहार के किसानों को उनके व्हाट्सएप पर भी मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें किसान स्वयं भी फसलों एवं वांछित उत्पाद का चयन कर उसके अनुरूप उर्वरक की अनुशंसा प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाईन मृदा स्वास्थ्य कार्ड में 100 से अधिक फसलों का चयन का विकल्प दिया गया है। इसके अतिरिक्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर क्यू॰ आर॰ कोड भी उपलब्ध कराया गया है, जिसमें मोबाईल फोन से स्कैन करते ही संबंधित कृषक तथा उनके खेत की मिट्टी की सारी सूचनाएँ प्रदर्शित होने लगती हैं।

**सभी जिलास्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला 'प्रोफिशियेन्सी टेस्ट' में उत्तीर्ण**-श्री अग्रवाल ने कहा कि बिहार के सभी 38 जिलों में स्थापित जिलास्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशालाओं का एन॰एं॰बी॰एल॰ से मान्यता प्राप्त करने के क्रम में सभी मिट्टी जाँच प्रयोगशालाओं के द्वारा 'प्रोफिशियेन्सी टेस्ट' में उŸीर्णता प्राप्त की गई है। जमाबंदी नक्शा (कैडेस्ट्रल मैप) की तैयारी के क्रम में भी राज्य के उपलब्धि की सराहना की गई। इस योजना अंतर्गत विŸीय वर्ष 2023-24 में सहरसा, भागलपुर एवं मुजफ्फरपुर में एक-एक उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त मुंगेर जिला अंतर्गत तारापुर अनुमंडल, गया जिला अंतर्गत बोधगया तथा भागलपुर जिला अंतर्गत नवगछिया अनुमंडल में एक-एक अनुमंडलस्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला भी स्थापित किए गए हैं।

**मृदा फर्टिलिटी मैप तथा फसल उपयुक्तता मैप किया जा रहा तैयार**-उन्होंने कहा कि मिट्टी जाँच नमूनों के फलाफल के आधार पर कैडेस्टल मैप पर विभिन्न प्रकार के मिट्टी के पारा मीटर के आधार पर डिजिटलकृत मृदा फर्टिलिटी मैप तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही, फसल उपयुक्तता मैप तैयार किया जा रहा है। फसल उपयुक्तता मैप के उपयोग से क्षेत्र विशेष के लिए उपयुक्त फसलों का निर्धारण, फसल उत्पादन की क्षमता आदि का निर्धारण किया जायेगा।

**वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिट्टी नमूनों की संख्या बढ़ाई**-उन्होंने कहा कि विŸीय वर्ष 2024-25 में राज्य के सभी पंचायतों के प्रत्येक राजस्व ग्राम से कुल 5 लाख मिट्टी नमूना संग्रहण, जाँच तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी जिलों में कार्य तेजी से हो रहा है। साथ ही, योजना अंतर्गत राज्य के 35,000 सरकारी विद्यालयों में अंकुरण परियोजना के तहत 35,000 मिट्टी नमूना संग्रहित किया जा रहा है तथा छात्र-छात्राओं को मृदा स्वास्थ्य के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

### भागलपुर में एक शख्स ने फांसी लगाकर दी जान, पत्नी बोली- किसी लड़की से फोन पर बात होती थी

**भागलपुर**। भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र के धोबिया टोला में एक शख्स ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक राजकुमार निजी कंपनी में काम करता था। छह साल पहले शादी हुई थी। दो बच्चे भी हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पत्नी ने बताया कि व्हाट्सएप पर कोई लड़की उसे फोटो भेजती थी। दोनों के बीच बातचीत भी होती थी। विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट करते थे। सुसाइड करने की धमकी देते थे। गुस्से में आकर मैं अपने मायके चली आई थी। जिसके बाद उसने फांसी लगा ली। वहीं, राजकुमार के पिता ने बताया कि किसी लड़की से वो फोन पर बात करता था। जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। कल किसी लड़की ने उसे फोटो भेजी थी। जिसे मेरी बहु ने देख लिया था। विरोध करने पर उसने सुसाइड कर लिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। परिजनों के बयान के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है।

## प्रचंड गर्मी और लू के बीच स्कूल जाने को मजबूर छोटे-छोटे बच्चे

**मुंगेर**। जिले का अधिकतम तापमान अप्रैल माह में ही 44 डिग्री के पार हो चुका है, जिससे लोग बेहाल हो चुके हैं। प्रचंड हीट-वेव और गर्मी को देखते हुए सरकारी विद्यालयों में पहले ही गर्मी छुट्टी घोषित की जा चुकी है। बावजूद जिले के निजी विद्यालयों में अब भी छोटे-छोटे बच्चे तीखी धूप के बीच स्कूल जाने को विवश हैं। उनकी परेशानियों का अनुमान महज इससे ही लगाया जा सकता है कि सुबह 8 बजे से ही जिले में गर्म हवाओं के थपेड़े शुरू हो रहे हैं जो 10 बजे के बाद लोगों को घर से बाहर निकलने नहीं दे रहे। बावजूद छोटे-छोटे बच्चे पठन-पाठन को लेकर सुबह 7 बजे स्कूल पहुंचते हैं तथा दिन के 12 बजे उनकी छुट्टी होती है। उस वक्त सूरज की तपिश अपने चरम पर पहुंच चुकी होती है। बावजूद अब तक जिला प्रशासन द्वारा निजी विद्यालयों के लिए किसी प्रकार का निर्देश नहीं प्राप्त होने के कारण इसका दंश छोटे-छोटे बच्चों को झेलना पड़ रहा है। बच्चों के मौन खतरा को इस बात से भी आंका जा सकता है कि पछुआ हवा और लू के बीच बच्चे जब स्कूल से बाहर निकलते हैं तो वे आसपास के नलकूपों पर पूरे सिर को पानी से धोते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि ये कार्य भी उनके लिए खतरा साबित हो सकता है। उन्हें सर्द-गर्म भी लग सकती है। 45 डिग्री पार कर सकता है पारा मौसम विभाग कि मानें तो गर्मी कि प्रचंडता अगामी दिनों में 45 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर सकती है। अभी से हीं गर्म तेज पछुआ हवा लोगों को हाल बेहाल कर रखा है। खतरनाक लहर वाली लू देखकर लोगों को 2019 की जानलेवा गर्मी की याद आ रही है। गर्मी का सितम इस कदर बढ़ रहा है कि दोपहर तो दूर सुबह 8 बजे की तेज धूप और गर्मी असहनीय साबित हो रही है। इस सप्ताह इसी तरह का मौसम रहने का पूर्वानुमान है। गुरूवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा। साथ ही 26 किलो मीटर की रफ्तार से चल रही तेज पछुआ सितम को और अधिक बढ़ा रहा है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टीग्लॉस पेश किया

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। 'ग्राहक सबसे पहले' के अपने दर्शन के अनुरूप, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने क्रांतिकारी कार केयर ब्रांड टीग्लॉस की पेशकश की घोषणा की है। यह कार डिटेलिंग की दुनिया में ब्रांड के प्रवेश का मौका है। भारत में कार ग्राहकों के बीच उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय कार विवरण सेवाओं की बढ़ती मांग के जवाब मे टीकेएम कार देखभाल उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। इसकी शुरुआत विशेष रूप से टोयोटा वाहनों के लिए तैयार किए गए समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ हो रही है। 1 मई 2024 से भारत में प्रत्येक अधिकृत टोयोटा डीलरशिप पर टीग्लॉस की




पेशकश की जाएगी। यह ग्राहकों को उच्च पेशेवर तरीके से प्रदान किए जाने वाले गुणवत्तापूर्ण कार देखभाल समाधानों तक सुविधा जनक पहुंच प्रदान करता है, जिससे एक सुखद स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित होता है। किसी भी कार निर्माता द्वारा उद्योग में पहली बार पेश की गई इस तरह की सेवा टीग्लॉस ब्रांड के तहत उपलब्ध होगी। टीकेएम वाहन की आंतरिक और बाहरी उपस्थिति को बढ़ाने के लिए क्यूरेट की गई सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगा। इसमें सिरेमिक कोटिंग, अंडर बॉडी कोटिंग, साइलेंसर कोटिंग और आंतरिक पैनल सुरक्षा शामिल है। सबरी मनोहर, उपाध्यक्ष, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, "हम टीग्लॉस का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं, जो एक अभिनव और उद्योग का पहला उद्यम है जो टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की 'ग्राहक सबसे पहले' दर्शन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हम कार मालिकों के बीच बढ़ती प्रवृत्ति देख रहे हैं जो गुणवत्तापूर्ण वाहन रखरखाव को प्राथमिकता देते हैं। टीग्लॉस को उनकी कारों को सौंदर्य की दृष्टि से उत्कृष्ट स्थिति में रखने में मदद करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## पटना जंक्शन इलाके के होटलों में छापेमारी, होटलों में फायर सेफ्टी और मानकों की जांच



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। पटना के पाल होटल पाल में लगी आग में 6 लोगों की मौत के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में दिख रहा है। शुक्रवार को जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न होटलों में छापेमारी की। अब तक 6 से अधिक होटलों की तलाशी ली जा चुकी है। होटलों में सभी तरह की लापरवाही को ध्यान में रखते हुए चेकिंग हो रही है। पटना सदर एसडीएम दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। जिसे पदाधिकारी रजिस्टर्ड कर रहे हैं। अभी छापेमारी जारी है। टीम में सदर एसडीएम श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर, विधि व्यवस्था डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नीलम कुमार, कोतवाली इंस्पेक्टर शकील अहमद और अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी भी शामिल हैं। पटना के रहने वाले अमित कुमार ने बताया कि खासकर जंक्शन इलाके के होटलों की बहुत ही बुरी स्थिति है। कभी-कभार ट्रेन पकड़ने के दौरान रूम लेने की जरूरत पड़ जाती है तो अंदर से डर लगता है। इतने कंजेस्टेड होटल हैं कि सांस लेने में भी परेशानी होने लगती है। इससे अच्छा तो गोरखपुर हो गया है। जहां पहले इस तरह की होटलों को तोड़ दिया गया है। यहां भी तोड़ने की जरूरत है।

# वेदांतु के छात्रों ने एक बार फिर से जेईई मेन 2024 में हासिल की शानदार सफलता प्रणवानंद साजी एआईआर 31 के साथ बने ओवरसीज़ टॉपर

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जेईई ट्यूशन में अग्रणी वेदांतु ने बताया कि इसके 1698 छात्र जेईई अडवान्स्ड में क्वालिफाय हुए हैं। शिक्षा जगत के इस दिग्गज ने जानकारी दी है कि उनके 210 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर और 641 छात्रों ने 97 परसेंटाइल से अधिक स्कोर हासिल किया है। वेदांतु के टॉप छात्रों में से एक प्रणवानंद ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 31 के साथ जेईई मेन में ओवरसीज़ टॉपर रहे हैं। इसके अलावा वेदांतु के तीन छात्र टॉप 500 में रहे और 6 वेदांतु छात्रों ने टॉप 1000 में एआईआर हासिल किया है। वेदांतु के 27 अन्य छात्रों ने एक या अधिक विषयों में 100 परसेंटाईल स्कोर हासिल किया है। वेदांतु के सह-संस्थापक एवं हैड ऑफ एकेडमिक्स आनंद प्रकाश ने कहा 'विशेष परीक्षाओं जैसे जेईई के लिए डिज़ाइन किए गए कोर्सेज़ के साथ, हम छात्रों को परीक्षा की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए तैयारी करवाते हैं, ताकि वे अपनी पूर्ण क्षमता का सदुपयोग कर सकें। हम सभी छात्रों को बधाई देते हैं जिन्होंने जेईई मेन में हिस्सा लिया और ऑल इंडिया रैंक हासिल कर इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। यह सफलता हमारे छात्रों, मास्टर टीचर्स, मेंटर्स, डाउट एक्सपर्ट्स, स्टूडेन्ट सपोर्ट स्टाफ सभी की कड़ी मेहनत का परिणाम है।' वेदांतु में सीईओ और सह-संस्थापक वामसी कृष्णा ने छात्रों के शानदार परिणामों पर खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा, ''यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण तथा वेदांतु के पढ़ाने के तरीकों की प्रभाविता की पुष्टि करती है। अपने प्रभाव को विस्तारित करने के लिए हमें अपने वेदांतु लर्निंग सेंटरों का विस्तार करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, इससे हम अधिक से अधिक छात्रों को लर्निंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान कर उनकी अकादमिक यात्रा पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर सकेंगे।' बैंगलोर में स्थित वेदांतु के लर्निंग सेंटर ने शानदार परिणामों के साथ उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसकी स्थापना पिछले साल ही की गई थी। सेंटर के 80 फीसदी छात्र इस साल जेईई अडवान्स्ड में क्वालिफाय हुए हैं। इस सफलता का श्रेय वेदांतु के लर्निंग के पर्सनलाइज़्ड तरीकों को दिया जा सकता है। तकरीबन एक दशक से तकनीकी इनोवेशन्स के साथ वेदांतु सुनिश्चित करता है कि इनके फिज़िकल क्लासरूम और आधुनिक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म्स पर छात्रों को लर्निंग का उत्कृष्ट अनुभव मिले। मास्टर टीचर्स, डाउट एक्सपर्ट और एकेडमिक मेंटर हर छात्र पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हैं और उन्हें कस्टमाइज़्ड तरीकों से पढ़ाते हैं। वहीं दूसरी ओर वेदांतु की तकनीकी संरचना छात्रों को घर में आराम से बैठ कर पढ़ने का अनुभव प्रदान करती है। अधिक से अधिक छात्रों को वेदांतु के अनूठे एवं आधुनिक दृष्टिकोण के साथ लर्निंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली, मदुराई, कोयम्बटूर, वायज़ाग, विजयवाड़ा, पुणे, त्रिची, पटियाला, मुज़फ्फरपुर, झुंझुनु, पटना और अन्य शहरों में 30 से अधिक वेदांतु लर्निंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। ये लर्निंग सेंटर आधुनिक बुनियादी सुविधाओं, हाई-टेक क्लासरूम और इंटीग्रेटेड सिस्टम से युक्त हैं। यहां लर्निंग का रोचक एवं गेमीफाईड माहौल छात्रों की सक्रियता, टेस्ट में उनके परफोर्मेन्स और असाइनमेन्ट के आधार पर उन्हें व्यक्तिगत फीडबैक देता है। छात्रों के विकास को ध्यान में रखते हुए वेदांतु सुनिश्चित करता है कि माता-पिता को रोज़ाना रियल टाईम में उनके बच्चे की प्रगति के बारे में हर जानकारी दी जाए। वेदांतु हमेशा से अधिक से अधिक छात्रों को किफ़ायती, सुलभ एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने और उन्हें हर तरह से सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। बड़ी संख्या में अपने लर्निंग सेंटर खोलकर वेदांतु ने देश भर के छात्रों को पढ़ाई के व्यक्तिगत तरीकों से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा है। अपने इन प्रयासों के द्वारा वेदांतु सुनिश्चित करना चाहता है कि हर छात्र को अपनी अकादमिक महत्वकांक्षाओं को हासिल करने के एक समान अवसर मिलें।

## नाबालिग का शव बरामद, शौच के लिए निकली थी

नई सोच एक्सप्रेस

गया जिले के टनकुप्पा थाना क्षेत्र की युवती ने रेलवे ट्रैक पर खुदकुशी कर ली। शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खास बात यह कि शव को पुलिस ने लावारिस बताते हुए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल के लिए भेजा है। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही शव की शिनाख्त कर ली गई। लड़की टनकुप्पा महा बिगहा की रहने वाली है। वह रात से लापता थी। हालांकि इस मामले में मृतका के परिजन कुछ भी बात करने से परहेज कर रहे हैं। मृतका स्कूल ड्रेस में थी। लेकिन दुप्पटा रेड क्लर का था। रेलवे ट्रैक पर सिर एक तरफ से बदन दूसरे तरफ पड़ा था। फतेहपुर पुलिस ने बताया कि 10 बजे के आसपास सूचना मिली रेलवे ट्रैक पर किसी युवती की सिर कटी लाश पड़ी है। मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया।

**घर से निकली थी शौच के लिए**: थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि इस दौरान आशंका जताई गई कि नाबालिग मिश्रीचक की रहने वाली थी, लेकिन जब उस गांव से सम्पर्क किया तो गांव वालों ने किशोरी की शिनाख्त नहीं कर सके। गांव के लोगों ने बताया कि नाबालिग उनके गांव की नहीं है। मृतका की शिनाख्त नहीं होने की स्थिति में शव को लावारिस घोषित करते हुए पोस्टमार्टम के



लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के लिए गया भेजे जाने के साथ ही महा बिगहा के लोगों ने सम्पर्क किया और बताया कि मृतका रामाशीष यादव की बेटी रजनी (15) है। इधर मगध मेडिकल कालेज अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस के पास नाबालिग के परिजन बड़ी संख्या में पहुंच थे। हालांकि बातचीत में एक व्यक्ति ने बताया कि युवती गुरुवार- शुक्रवार की रात सुबह 3 बजे शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। उसके साथ मोबाइल भी था, लेकिन अब उस मोबाइल का कोई अता-पता नहीं चल रहा है।

### वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 24 में रु 31757.19 लाख का राजस्व दर्ज किया; 32.71 फीसदी साल-दर-साल बढ़ोतरी की

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले प्रमुख निर्माताओं में से एक वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024 (अप्रैल 23- मार्च 24) और वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही (जनवरी- मार्च 2024) के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।

EPS ( ) 0.16 0.03 0.13

इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर, वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, ''''वित्तीय वर्ष 24 में हमने इनोवेशन्स एवं नई उपलब्धियों के साथ मार्केट में अपनी स्थिति को सशक्त बनाया है। हमने 1 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री (शुरूआत के बाद से) की उपलब्धि हासिल की, जो ब्राण्ड में उपभोक्ताओं के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। हम नए इनोवेशन्स एवं विकास कार्यों के साथ स्थायी भविष्य की ओर अग्रसर हैं। हाल ही में हमने हाइड्रोजन-पावर्ड ई-स्कूटर प्रोटोटाईप का अनावरण किया और तकनीकी विकास कार्यों के लिए ग्लोबल प्लेयर्स के साथ साझेदारी की। वित्तीय वर्ष 25 में हम अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने, अपनी मौजूदगी के विस्तार तथा अपनी आर एण्ड डी क्षमता को सशक्त बनाने के लिए सक्रियता से काम करेंगे। आने वाले समय में हम इलेक्ट्रिक वाहनों के नए मॉडलों के लॉन्च तथा इनोवेशन्स एवं विकास कार्यों के लिए तैयार हैं। हम नई पीढ़ी की तकनीकों पर काम करते हुए उद्योग जगत में अपनी अग्रणी स्थिति को सुनिश्चित करने के लिए प्रयास जारी रखेंगे।''

## NIOS पास सभी ग्रामीण चिकित्सक, योग शिक्षक और महिलाओं को मिलेगा प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण :- आयुष फाउंडेशन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, शेखपुरा पटना मे आगामी 5 मई और 12 मई 2024 को आयुष फाउंडेशन द्वारा संचालित बड़ी मठिया आरा स्थित आयुष कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से NIOS पास सभी ग्रामीण चिकित्सक, योग शिक्षक और महिलाओं को प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना तय हुआ है। शुरुआती बीमारी को गंभीर और असाध्य बनने से पहले ठीक करने के उद्देश्य से स्वःचिकित्सा हेतु प्राकृतिक चिकित्सा एक्यूप्रेशर,




योग, आहार चिकित्सा एवं डिटॉक्स थेरेपी के प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रशिक्षण को सफल बनाने के उद्देश्य से एक बैठक को संबोधित करते हुए निदेशक डॉक्टर पी पुष्कर ने कहा की जिन्हें प्राकृतिक चिकित्सा में रुचि है और चाहते हैं शुरुआती लक्षणों को पहचान कर प्राकृतिक चिकित्सा एक्यूप्रेशर योग आहार चिकित्सा एवं डिटॉक्स थेरेपी जैसे प्रभावी चिकित्सा को सीख कर अपना और अपने परिवार को स्वस्थ रख सके वह इस प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित हैं अपना रजिस्ट्रेशन शेखपुरा पटना स्थित कार्यालय में आकर कर सकते हैं या ऑनलाइन 8581900702 पर व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे अपना सीट बुक कर सकते हैं प्रशिक्षण में शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों को स्टडी मैटेरियल ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रैक्टिकल प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र दिया जाएगा प्रशिक्षण के बाद सभी तरह के दर्द पाचन तंत्र संबंधित बीमारी जीवन शैली संबंधित बीमारी साहित दर्जनों गंभीर बीमारियों को स्व चिकित्सा के माध्यम से ठीक कर सकते हैं। प्रशिक्षण की सफलता के लिए राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, शेखपुरा पटना के अपेक्षित सहयोग प्राप्त है।

## किलकारी में समर कैंप की शुरुआत कल से

नई सोच एक्सप्रेस

गर्मी छुट्टियों में कई बच्चे कहीं घूमने जाते हैं तो कुछ इस टेक्नोलॉजी वाले दुनिया में घर पर ही मोबाइल से नजदीकी बढ़ा लेते हैं। ऐसे में समर कैंप से जुड़ना नई चीजों को सीखने का एक मौका देता है। इसे देखते हुए पटना के किलकारी में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। किलकारी की चक धूम धूम समर कैंप की शुरुआत 28 अप्रैल से की जाएगी, जो 15 मई तक आयोजित होगी। बच्चों के पसंदीदा रेन डांस से कैंप का उद्घाटन होगा।

**70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे लेंगे भाग**: इसके लिए किलकारी के बच्चे अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। इसमें रजिस्ट्रेशन बिल्कुल फ्री है। इस कैंप में बच्चों को नृत्य संगीत, वादन, नाटक, फोटोग्राफी एंड साउंड एडिटिंग, कंप्यूटर, विज्ञान, चित्रकला, हस्तकला, मूर्तिकला, सृजनात्मक लेखन, खेल और फन गेम्स में भाग लेने का मौका मिलेगा।



18 दिनों तक चलने वाले इस कैंप में 9 राज्यों के 12 कलाकार/विशेषज्ञ बच्चों को ट्रेनिंग देंगे। इसके साथ ही 40 स्थानीय प्रशिक्षक भी बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। 70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे भाग लेंगे।

**बिहार की लोक संगीत से लेकर केरल की लोक नृत्य की मिलेगी ट्रेनिंग**: नृत्य में बच्चे बिहार की लोक संगीत परंपरा, तिरुवाथिरा लोक नृत्य (केरल), फ्री स्टाइल डांस, रोप डांस आदि सीखेंगे। वहीं, चित्रकला में पटना कलम चित्रकला, पट्ट चित्र, मधुबनी, स्केचिंग, सब्जी प्रिंट, फेंस पेंट आदि सीखने का मौका मिलेगा। इसके आलावा हस्ताकला में क्विलिंग कला, नेचुरल वेस्ट मेटेरियल से क्राफ्ट निर्माण, मूविंग टॉय मेकिंग के बारे में सिखाया जाएगा। इन बच्चों को यहां के प्रशिक्षकों के अलावा बाहर के प्रशिक्षकों से भी सीखने का मौका मिलेगा।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



## प्रचार के लिए स्वतंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अलीगढ़ में भाषण बांसवाड़ा का विस्तार है। ये दोनों भाषण एक दिन के अंतराल पर हैं। दोनों की पिच एक है। कांग्रेस पर हमले के बहाने, बहुसंख्यकों में उसके शासन का डर बैठाना। यह कहना कि 'उनकी गाढ़ी कमाई से अर्जित संपत्तियां, यहां तक कि 'स्त्रीधन कहे जाने वाले महिलाओं गहने-मंगलसूत्र-तक माओवादी की तरह छीन लिये जाएंगे। राष्ट्रीय संसाधन पर अल्पसंख्यकों, वे जो 'घुसपैठिए हैं, वे 'जिनके ज्यादा बच्चे हैं, का पहला हक होने की वकालत की याद दिला कर बहुसंख्यकों में उनके प्रति हिकारत पैदा कराना। प्रधानमंत्री अपने पक्ष में प्रचार के लिए स्वतंत्र हैं। पर वे कांग्रेस मैनिफेस्टो या 2006 में तात्कालिक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए नहीं। वे भूल जाते हैं कि ऐसे भाषण विभाजनकारी कोटि में आते हैं। चुनाव में होने के बावजूद एक प्रधानमंत्री के रूप में इसकी उन्हें इजाजत नहीं है। कांग्रेस चुनाव आयोग से मिल कर उनके एवं पार्टी के विरुद्ध 17 शिकायतें की हैं। प्रधानमंत्री के भाषण से लगता है, कांग्रेस जैसे सत्ता में आ रही है। ऐसा पहले चरण के मतदान में गिरावट से उन्हें लगा है। हालांकि कम वोट भाजपा का निरस्तीकरण नहीं है। पर यह आरएसएस कार्यकर्ताओं के अनुत्साह को दर्शाता है। दूसरी बात, कांग्रेस ने अपने मैनिफेस्टो में मोदी-राज में बढ़ी आर्थिक विषमताओं के आलोक में एक आयोग बैठाने की बात की है। सरप्लस भूमि-वितरण की बात की है। इसमें गलत क्या है? स्वयं प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी और अन्य सारे दल इस तरह के कार्यक्रमों के साथ आने का वादा करते हैं। मनमोहन सिंह ने 'देश के आर्थिक संसाधनों को हाशिए पर पड़े तमाम समुदायों को देने की बात कही थी। यह प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि देश के मुसलमान 'घुसपैठिए नहीं हैं। वे भी अन्य के जैसे देश के नागरिक हैं, राष्ट्रवादी हैं। उनकी जनसांख्यिकी दर हिन्दू जितनी है। बेशक, लोगों के कल्याण और उनकी पहचान को जोड़ते पर राजनीतिक और चुनावी बहस हो सकती है, लेकिन मोदी के भाषण इस पर व्यापक संदेश भेजने के उनके स्वयं के प्रयासों के विरुद्ध हैं, जो लाभार्थियों में जाति-समुदाय के आधार पर भेदभाव नहीं करता। वे खुद भारत की विविधता एक 'बहुरत्नधारी वसुंधरा मानते हैं, लेकिन पूरे समुदाय को एक विरोधी के रूप में पेश करके, प्रधानमंत्री उस बहस को व्यापक करने की संभावनाओं को सिकोड़ देते हैं।

## हर फिक्र को धुएं में उड़ाता

साल 1961 की बहुचर्चित फिल्म 'हम दोनों का गाना 'हर फिक्र को धुएं में उड़ाता सबने सुना होगा। धूम्रपान करने वालों ने भी इसे अवश्य सुना होगा।फिल्म में गाने के बोल इस तरह दर्शाए गए कि फिल्म का हीरो अपने सभी फिक्र और चिंताओं को धुएं के कश में उड़ा देता है और चिंता मुक्त हो जाता है, परंतु क्या यह सही है कि मात्र सिगरेट के कश भरने और धुआं उड़ाने से आपकी चिंताएं खत्म हो जाएंगी? इसका उत्तर है नहीं। बल्कि यदि आपको धूम्रपान की लत लग जाए तो आपकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ जरूर जाएंगी। आज जानते हैं कि ऐसा क्या है, इस चंद लम्हे की मामूली सी खुशी में, जो लाखों करोड़ों को इसकी लत लगा देती है। दरअसल, सिगरेट में मौजूद तंबाकू में निकोटीन पाया जाता है जो कश लेते ही बड़ी तेजी से आपके फेफड़े में समा जाता है और कुछ ही क्षण में दिमाग तक पहुंच जाता है। दिमाग में पहुंचते ही इसका संपर्क 'नर्व सेल से होता है और इसके असर से डोपामाइन नाम का रसायन बाहर आता है। यह रसायन आपके दिमाग को संकेत देता है कि कुछ अच्छा करने से आपको इनाम मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो, यह रसायन आपको ऐसा इशारा देता है कि आप एक बार दोबारा सिगरेट का कश भर लेते हैं। एक शोध के अनुसार सिगरेट की लत से प्रभावित लोगों, जिन्हें गले का कैंसर हुआ था, की गले की नली को काट कर अलग करना पड़ा। उपचार के बाद भी इस लत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और वे दोबारा धूम्रपान करने को मजबूर थे। विशेषज्ञों के अनुसार दिमाग के जिस हिस्से को 'एनिमल पार्ट कहा जाता है, उससे ही निकोटीन की लत पर काबू पाया जा सकता है। नशीले पदार्थ हमारे दिमाग के 'एनिमल पार्ट को इस कदर उकसाते हैं कि वो ऐसे संदेश भेजता है कि हम ऐसा बार-बार करें। वहीं दिमाग का दूसरा हिस्सा हमें ऐसा करने से रोकता भी है। नशे की लत की गिरफ्त में लोग अक्सर इस संघर्ष से जूझते रहते हैं। इस लत का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि आप कितने समझदार हैं, बल्कि आपका दिमाग निकोटीन या अन्य नशीले पदाथरे पर किस तरह प्रतिक्रिया देता है। यदि समय रहते और सही संगति के चलते नशा या धूम्रपान रोक दिया जाए तो बेहतर हो परंतु ऐसा बहुत कम होता है। सिगरेट की लत के लिए केवल निकोटीन ही जिम्मेदार नहीं होती। इसके लिए एक प्रमुख भूमिका सिगरेट बनाने वाली कंपनियों और उनके द्वारा जारी किए भ्रामक विज्ञापन भी उतने ही जिम्मेदार हैं। पश्चिमी देशों में जैसे ही निकोटीन की लत को लेकर सवाल उठने लगे तो कुछ लोगों ने इसकी जड़ तक जाने की सोची।

# भारत में धार्मिक पर्यटन छू रहा नित नई ऊचाईयां



आरती कुमारी

हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में "स्व" का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। जेफरीज नामक एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज कम्पनी ने बताया है कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने जा रही है। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। अभी अयोध्या में केवल 17 बड़े होटल हैं इनमें कुल मिलाकर 590 कमरे उपलब्ध हैं। लेकिन, अब 73 नए होटलों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 40 होटलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है। अभी तक नए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, टाउनशिप और रोड कनेक्टिविटी में सुधार जैसे कामों पर 85,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस निवेश का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर दिखाई देने जा रहा है। शीघ्र ही अयोध्या वैश्विक स्तर पर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। इससे होटल, एयरलाईन, हॉस्पिटलिटी, ट्रैवल, सिमेंट जैसे क्षेत्रों को बहुत बड़ा फायदा होने जा रहा है। भारत के विभिन्न शहरों से 1000 के आसपास नई रेल अयोध्या के लिए चलाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे देश से दिनांक 23 जनवरी 2024 के बाद से प्रतिदिन भारी संख्या में धार्मिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह हर्ष का विषय है कि पहिले दिन ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के दर्शन किये हैं। विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटेकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ तक प्रतिवर्ष जा सकती है। फिर अकेले अयोध्या नगर को होने वाली आय का अनुमान तो सहज रूप से लगाया जा सकता है। अभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अयोध्या में रूकते नहीं थे प्रातः अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर शाम तक वापिस चले जाते थे परंतु अब अयोध्या को इतना आकर्षक रूप से विकसित किया गया है कि श्रद्धालु 3 से 4 दिन रुकने का प्रयास करेंगे। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा। केंद्र सरकार द्वारा भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार किए जा रहे प्रयासों का परिणाम भी अब दिखाई देने लगा है। "मेक माई ट्रिप इंडिया ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट" के अनुसार, भारत के नागरिक अब पहले के मुकाबले अधिक यात्रा कर रहे हैं। भारत के नागरिकों द्वारा विशेष रूप से अयोध्या, उज्जैन एवं बदरीनाथ जैसे आध्यात्मिक स्थलों के बारे में अधिक जानकारी हासिल की जा रही है। उक्त जानकारी "मेक माई ट्रिप" के प्लेटफार्म के 10 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं से प्राप्त जानकारी के आधार पर सामने आई है। वर्ष 2019 के बाद से भारत में एक वर्ष में तीन से अधिक यात्राएं करने वाले लोगों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। उक्त रिपोर्ट के अनुसार, आध्यात्मिक पर्यटन सम्बंधी जानकारी हासिल करने की गतिविधियों में वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2023 में 97 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। विशेष रूप से अयोध्या के सम्बंध में जानकारी हासिल करने सम्बंधी गतिविधियों में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में 585 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज हुई है। इसी प्रकार, उज्जैन एवं बदरीनाथ जैसे धार्मिक स्थलों के सम्बंध में भी जानकारी हासिल करने वाले नागरिकों की संख्या में क्रमशः 359 प्रतिशत और 343 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। भारत में अब पारिवारिक यात्रा की बुकिंग भी बहुत तेज गति से बढ़ रही है। इसमें वर्ष 2022 के तुलना में वर्ष 2023 में 64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। जबकि इसी अवधि में एकल यात्रा की बुकिंग में केवल 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उक्त जानकारी को भारत के नागरिक विमानन मंत्रालय द्वारा जारी एक जानकारी से भी बल मिलता है कि भारत में घरेलू हवाई यातायात अब एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। दिनांक 21 अप्रेल 2024 (रविवार) को रिकार्ड 471,751 यात्रियों ने 6,128 उड़ानों के माध्यम से, भारत में हवाई सफर किया है। इसके पूर्व हवाई यातायात करने वाले नागरिकों की औसत संख्या, कोरोना महामारी के पूर्व के खंडकाल में, 398,579 यात्रियों की थी। इसमें 14 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। देश में धार्मिक पर्यटन में हो रही भारी वृद्धि के चलते भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में भी तेजी दिखाई देने लगी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेशकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। इसी प्रकार, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इकरा ने 6.5 प्रतिशत, एशिया विकास बैंक एवं बार्कलेस एवं प्राइस वॉटर कूपर्स ने 6.7 प्रतिशत, डेलाईट इंडिया ने 7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। परंतु, समस्त विदेशी संस्थानों के अनुमानों के झुठलाते हुए भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत की रही है। यह सब देश में लगातार बढ़ते धार्मिक पर्यटन एवं विभिन त्यौहारों तथा शादी जैसे समारोहों पर भारतीय नागरिकों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च करने के चलते सम्भव हो पा रहा है। इससे त्यौहारों एवं शादी के मौसम में व्यापार के विभिन्न क्षेत्रों में अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर होती है। जैसे दीपावली त्यौहार के समय भारत में नागरिकों के बीच विभिन्न नए उत्पादों की खरीद के लिए जैसे आपस में होड़ सी लग जाती है। भारत में लाखों करोड़ रुपए का व्यापार दीपावली त्यौहार के समय में होता है। इसी प्रकार की स्थिति शादियों के मौसम में भी पाई जाती है। संभवतः विदेशी वित्तीय संस्थान भारत में हो रहे इस तरह के उक्त वर्णित परिवर्तनों को समझ नहीं पा रहे हैं एवं केवल पारंपरिक विधि से ही सकल घरेलू उत्पाद को आंकने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए भारत की विकास दर के संबंच में विभिन्न विदेशी संस्थानों के अनुमान गलत साबित हो रहे हैं।

# वन प्रबंधन के लिए सही योजनाएं नहीं बनाई गई तो हमें भविष्य में भयंकर परिणाम झेलने होंगे

अशोक भाटिया

गर्मियां शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगल धधकने लगे हैं. एक नवंबर, 2023 से 22 अप्रैल 2024 तक वनाग्नि की 431 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं और इनसे 516.92 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। खास बात यह है कि 31 मार्च तक जंगलों में आग लगने की सिर्फ 34 घटनाएं हुई थीं और इनसे 35.25 हेक्टेयर वन क्षेत्र ही प्रभावित हुआ था। लेकिन अप्रैल के 22 दिन में वनाग्नि और उससे होने वाला नुकसान करीब 13 गुना बढ़ गया। दरअसल जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का असर इस साल की शुरुआत में ही दिखने लगा है। देश के बड़े हिस्से में तापमान औसत से अधिक दर्ज किया गया है और इस बार तीन मार्च से ही लू या हीटवेव का प्रकोप शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा 19 अप्रैल, को जारी अखिल भारतीय मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 18 अप्रैल, को भारत के 60 प्रतिशत से अधिक या 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। 2023 की तुलना में इस बार हीटवेव ने देश में 10 दिन पहले दस्तक दी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2023 तक, तीन राज्यों में लू या हीटवेव का सितम रहा। तीन मार्च से 18 अप्रैल, 2024 तक अब यह संख्या बढ़ कर 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच गई, जिन्हें गर्म हवाओं ने अपने आगोश में ले लिया था।भारत में लू या हीटवेव इस सप्ताह सुर्खियां बना रहा है, 16 अप्रैल को कथित तौर पर हीटस्ट्रोक से 13 लोगों की मौत हो गई। 20 अप्रैल को प्रकाशित, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक अध्ययन ने बताया कि देश के 90 प्रतिशत लोगों को गर्मी के कारण आजीविका क्षमता, खाद्यान्न उपज, वेक्टर जनित रोग फैलने और शहरी स्थिरता में नुकसान होने का खतरा है। यहां बताते चले कि, जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में कम से कम 37 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो उसे हीटवेव घोषित किया जाता है।कर्नाटक में साल का पहला लू का प्रकोप तीन मार्च को दर्ज किया गया था। नौ मार्च तक राज्य में चार दिन लू का कहर दर्ज किया गया था। गोवा में लू के चार दिन और गुजरात में दो दिन रहे। महीने की आखिरी लू 12 मार्च को दर्ज किया गया था।देश में 12 अप्रैल, को पश्चिम बंगाल में गंगा के अलग-अलग इलाकों में लू ने दस्तक दी। आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब और पश्चिम बंगाल में 12 से 18 अप्रैल तक लू का प्रकोप दर्ज किया गया।वर्तमान स्थितियों को देखते हुए इससे निपटने के लिए तैयारी बहुत जरूरी है, विशेष रूप से क्योंकि लू के सितम के जारी रहने के आसार हैं और यह लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है।मौसम विभाग द्वारा 2 7 अप्रैल, 2024 तक लू या लू जैसी चरम स्थितियों पर कम से कम आठ राज्यों में चेतावनी जारी की गई है। बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश में 30 अप्रैल, 2024 तक इन चरम स्थितियों के जारी रहने की आशंका जताई गई है।लोगों के स्वास्थ्य पर लू के प्रभाव को स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली ऐसी चरम घटनाएं घातक भी हैं और इनसे निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी की जरूरत है। देश के कई राज्यों में जंगल में आग लगने से हजारों हैक्टेयर का जंगल तबाह हो गया वहीं वन्य संपदा और वन्य जीवों के जीवन पर खतरा मंडराने लगा है। जंगलों से उठी आग की लपटों ने जम्मू, उत्तराखंड, हिमाचल, राजस्थान, गुजरात, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड को आग की तपती भट्ठी बना दिया है। उत्तराखंड और हिमाचल की स्थिति चीड़ की पत्तियों के कारण काफी विकराल है। 70 के दशक में ही पर्वतीय राज्यों में चीड़ उगाने के अभियान ने एक तरह का जंगल राज पैदा कर दिया। चीड़ उगाने की मुहिम में पर्वतीय राज्यों में न केवल चारागाहें छीन ली बल्कि मनुष्य को भी वनों से दूर कर दिया। वनाग्नि से हिमालीय राज्यों में कहर बरप रहा है, जहां तापमान सामान्य से दो से लेकर चार डिग्री तक बढ़ गया है। आप कल्पना कर सकते हैं कि बर्फ का सागर और एशिया की जलवायु के नियंत्रक हिमालय की क्या दशा होगी? तापमान बढ़ने से जंगलों में सूखे पत्ते और टहनियां ईंधन का काम करती हैं। एक छोटी सी चिंगारी हीट का काम करती है। ऐसे में अगर तेज हवायें चल रही हों तो यह आग पूरे जंगल को तबाह कर देती है। इंसानों की लापरवाही के चलते भी आगजनी की घटनायें बढ़ रही हैं। जम्मू के रियासी जिले के जंगल, हिमाचल के पार्वती घाटी में, राजस्थान के अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड में बमराडी से लेकर सीमार के जंगलों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के जंगलों में आग से प्रकृति तबाह हो चुकी है। गर्मियों में तापमान के कहर ढाने के कारणों में ग्लोबल वामिर्जा तो है ही लेकिन भारत में बढ़ते तापमान का कारण वनों का क्षरण भी है। यही कारण है कि देहरादून, मंसूरी, पंतनगर, रुड़की का अधिकतम तापमान 2 से लेकर 4 डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया। पिछले दिनों मुक्तेश्वर और मसूरी जैसे ठंडे स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वनाग्नि की आंच उत्तराखंड हिमालय के लगभग 14 ग्लेशियरों तक पहुंच रही है। वन्य जीवन अपने आप में एक दुनिया होता है। वनों में जीवधारियों को पर्याप्त भोजन के साथ-साथ सुरक्षित आश्रय भी मिल जाता है इसलिए वन सभी तरह के जीवधारियों का प्राकृतिक आवास होते हैं। तमाम वनस्पतियां और वन्य जीव एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। अब हालात यह है कि जंगलों की आग वनस्पति और वन्य जीवों का अस्तित्व राख में बदल रही है। बाघ और हिरन जैसे वन्य जीवन तो जान बचाकर सुरक्षित क्षेत्र की ओर भाग सकते हैं। तभी तो बाघों और मनुष्य के लिए खतरनाक जीवों को शहरों की सड़कों पर घूमते देखा जाता है। मगर उन निरीह जीवों और कीट-पतंगों का क्या हाल होगा जो आग की गति से भाग भी नहीं सकते। जंगलों की आग मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन चुकी है। इस आग के धुएं में अलग-अलग तरह के कण होते हैं जिनमें कार्बन मोनोआक्साइड भी शामिल है। स्थिति बहुत चिन्ताजनक है। ब्लैक कार्बन ग्लेशियरों को लगातार नुक्सान पहुंचा रहे हैं। ग्लेशियर जब पिघलेंगे तो इस पर जमा ब्लैक कार्बन भी बहेगा इससे जल प्रदूषित हो जाएगा। यह विडम्बना ही है कि किसी पेड़ के कटने से वन विभाग आम आदमी का जीना हराम कर देता है। कौन नहीं जानता कि राज्यों में अवैध खनन माफिया की तरह वन माफिया भी सक्रिय हैं। हर बार जंगल बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्य योजना बनाकर जंगल को बचाने का ढिंढोरा पीटा जाता है लेकिन आग से बचाने के लिए जंगल की प्रवृत्ति को बदलने का कोई प्रयास नहीं किया जाता। मानव और व्यवस्था सब तमाशबीन बनकर देख रहे हैं। मौसम परिवर्तन के चक्र ने अपने पंजे भयंकर रूप से फैला दिए हैं। जंगल अपनी ही हवाओं को सुरक्षित नहीं रख पा रहा। पंजाब और हरियाणा जंगलों की आग से बचे हुए हैं क्योंकि पंजाब में 3.65 प्रतिशत और हरियाणा में 3.53 प्रतिशत जमीन पर ही जंगल है। अगर मनुष्य को भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं से अपना बचाव करना है तो उसे प्रकृति से खिलवाड़ करना बंद करना होगा और जंगलों को आग से बचाने के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी। वन प्रबंधन के लिए सही योजनाएं नहीं बनाई गई तो हमें भयंकर परिणाम झेलने होंगे।




**मेष राशिः** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा। आज आपको व्यापारिक यात्रा से फायदा होगा। लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल रहेगा। आपके विचारों में सकारात्मकता रहेगी। किसी भी मामले पर बहस करने से बचें। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सेहत के मामले में दिन अच्छा है। काफी समय पहले दिए इंटरव्यू का रिजल्ट आज आपके पक्ष में आयेगा। आपकी कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके करियर के लिए मददगार रहेंगे। आप परिवार की इच्छाएं पूरी करने में सफल होंगे। आज आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल भी मिल सकते हैं।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहद खास होगा। आप किसी जरूरी काम में व्यस्त रहेंगे। आपको इनकम के नए सोर्स प्राप्त होंगे। आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ होगा। आपको अपने घरेलू काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। बड़े-बुजुर्ग की सेहत का ख्याल रखना, आपको उनका प्रिय बना देगा। माता-पिता का आशीर्वाद लें, आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिलेगा। आज आप परिवार के साथ कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आयेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नया प्लान बनायेंगे। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करें, आपको फायदा हो सकता है। किसी बिगड़े रिश्ते को सुधारने में आज आप सफल हो सकते हैं। शाम को परिवार के साथ समय बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। मैनेजर पोस्ट के लोगों के लिए दिन शानदार रहेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप पर ईश्वर की असीम कृपा है जिससे आपके बिगड़ते सभी काम बन जायेंगे। दोस्तों के साथ रिश्ते में सुधार आयेगा। आज आप अपने किसी मित्र की आर्थिक सहायता कर सकते हैं। बिजनेस शुरू करने से पहले बड़े भाई से सलाह अवश्य लें। फिजूल खर्चों पर आज आप रोक लगाकर बचत करने के बारे में सोचेंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन बेहद खास होने वाला है। ऑफिशियल मामलों में आपका कॉन्फिडेंस कुछ डगमगा सकता है, इसलिए अपने काम पर एकदम फोकस बनायें रखें। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज कुछ नए काम भी अचानक सामने आ सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज अपने विचारों को लेकर आप थोड़े जज्बाती भी हो सकते हैं। कुछ मामलों में आज आप एक्टिव रहेंगे। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह न उलझें। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे तो समाज में सम्मान मिलेगा। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी। किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। आज आप कोई नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करेंगे। कोई अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। रोजगार के मामले में किसी से सलाह लेंगे। पार्टनरशिप में भी फायदा होने के योग बन रहे हैं। अपने स्वभाव को बैलेंस रखें आपके सभी काम बनेंगे। पुत्र पक्ष से सुख मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। जहां तक हो सके, सकारात्मक और कॉन्फिडेंट रहें। आपके जरूरी कामकाज आज निपट सकते हैं।रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आस-पास के लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है।

**मीन राशिः** आज आपका दिन.. जोश से भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जायेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपकी अधूरी इच्छा पूरी हो सकती हैं। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके बिजनेस में आज तेजी आएगी।

# हम तो डूबेंगे सनम तुम को भी ले डूबेंगे राहुल व पित्रोदा के बयानों से इंडी गठबंधन हैरान!

मनोज कुमार अग्रवाल

कहते हैं कि इंसान में आयु और अनुभव से समझ विकसित हो जाती है लेकिन कांग्रेस के नेता व कथित नेहरू गांधी परिवार के चश्मे चिराग राहुल गांधी पर यह बात लागू नही होती है हालांकि इस बार उन्होंने होमवर्क करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन इसके बावजूद उनके जुबान से निकल रहे बयान कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर ही भारी पड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस के एक सलाहकार और मास्टर माइंड सैम पित्रोदा ने ऐसे समय में माता पिता से मिलने वाली संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की बात कहकर सारे खेल को ही बिगाड़ दिया है प्रधानमंत्री मोदी ने इस को हाथों हाथ लिया है और कहा है कि कांग्रेस का मंत्र लूट है जो जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। शहजादे और उनके सलाहकार देश के मध्यमवर्ग पर और अधिक टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं माता-पिता से मिलने वाली सम्पत्ति पर भी विरासत (इनहैरिटैंस) टैक्स लेने की कांग्रेस की योजना है कांग्रेस का पंजा आपके बच्चो का अधिकार छीनने के लिए व्याकुल है। चुनावी माहौल देखकर ऐसा लगता है मानो विपक्षी दलों का कुनबा इंडी गठबंधन सत्ताधारी दल से मुकाबला करने में जूझ रहा है। मतदाताओं को लुभाने के लिए वे किसी तरह की कमी नहीं छोड़ रहे। कांग्रेस ने तो गरीब महिलाओं के वोट खरीदने के लिए 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा भी कर डाली है। आरक्षण की सीमा तोड़कर 50 प्रतिशत से आगे ले जाने, देश को पुनः जात-पात की आग में जलाने के लिए जाति आधारित जनगणना जैसे वादे भी कांग्रेस कर रही है। दूसरी ओर, भाजपा ने मानो हर बात को इस तरह पेश करने में महारत हासिल कर ली है कि कांग्रेस जो भी कह या कर रही है, वह देश के लिए अत्यंत खतरनाक है। वामपंथी सोच वाले सलाहकारों से घिरे कांग्रेस नेता राहुल गांधी अति- उत्साह में कई बार ऐसी बातें बोल जाते हैं, जिनसे भाजपा को बड़ा मुद्दा मिल जाता है। एकाध बार हो जाए तो वह चूक या गलती मानी जा सकती है, किन्तु राहुल से बार-बार ऐसी गलतियां होती हैं, जिनका लाभ भाजपा उठाती है। अब चुनावी सभा में राहुल ने कह दिया कि सत्ता में आने पर अमीरों का धन लेकर गरीबों में बांट देंगे। 7 अप्रैल को हैदराबाद में राहुल ने कहा, 'हम पहले यह निर्धारित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना करेंगे कि कितने लोग अन्य ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उसके बाद, धन के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के तहत हम एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएंगे।' अब भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है कि कांग्रेस पार्टी की नजर आम आदमी की कमाई पर है, वह उसे छीनना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'ताला नगरी' अलीगढ़ में चुनावी जनसभा में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन (इंडिया) पर बेहद गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा, "मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे (पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी) का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा हा है। वह सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं श्री सम्पत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक गर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी। यह है, यह कम्युनिस्टों की सोच है, ऐसा ही करके कितने ही बर्बाद कर चुके हैं। अब यही नीति कांग्रेस पार्टी और इंडी में लागू करना चाहते हैं।" भाजपा ने यह भी कहना शुरू कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह कहते थे देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, अब कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर उनको बांटने की तैयारी कर रही। कल्पना कीजिए कि यदि महिला वर्ग में यह धारणा घर कर गई कि कांग्रेस की नजर वास्तव में उनके गहनों पर है तो क्या कोई महिला कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देगी? केवल महिलाएं ही क्यों, यदि उच्च मध्यम वर्ग एवं अभिजात्य वर्ग में भी यह विचार आ गया तो वे भी कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। यह तो असल में अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी मारने जैसा हो गया।बची कसर उनके तकनीकी गुरु सैम पित्रोदा ने करदी है जो इन दिनों अमेरिका में हैं उनके बयान भी पैतृक सम्पत्ति पर कर लगाने की बात कर रहे हैं। पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की फजीहत और बढ़ा दी है एक और कांग्रेस अपने नेता के बयान पर सफाई देने में जचटी थी इस बीच पित्रोदा भी फूट पड़े और सारा रायता दोबारा बिखर गया है। राहुल को अपने शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करने की जरूरत है। उन्होंने धन के बंटवारे का जो शिगूफा छोड़ा है, वह न व्यावहारिक है और न ही उचित। यदि परिश्रम कर कमाने वालों का धन छीनकर निठल्लों को देने लगे तो देश में क्या स्थिति होगी, इसकी कल्पना मात्र डराने वाली है। ऐसी अराजकता पैदा करने वाली योजनाओं के बारे में सार्वजनिक दावे कोई भी राजनीतिक तौर पर परिपक्व नेता तो नहीं करेगा। अब भाजपा इसे मुद्दा बनाएगी और कांग्रेस सफाई देती रह जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं उनका मुकाबला कर पाना राहुल जैसे नौसिखिए और समय की नजाकत से बेख़बर उनके कांवेंट शिक्षित सलाहकारों के वश की बात नही है। ऐसे कमजोर रणनीतिक माहौल में उन क्षेत्रीय दलों का भी नुकसान हो सकता है जो अपने बूते पर मतदाता के बीच वजूद रखते हैं लेकिन अपने गठबंधन के नेता के ऐसे बयान उनके वोटर्स को भी भ्रमित कर सकते हैं ऐसे गठबंधन को कौन वोट देगा जिसके नेता माता पिता की सौंपी विरासत पर टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। कांग्रेस की सोच सही समय पर सामने आ गई है अब इंडी और कांग्रेस दोनों की लुटिया डूबनी तय है।

# आईपीएल 2024 : मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में जीत की लय बनाये रखने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली**। दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुम्बई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत की लय बनाये रखने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की थी, ऐसे में इस मैच के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। इसके अलावा उसके कप्तान ऋषभ पंत भी अपने पुराने आक्रामक अंदाज में आ गये हैं। जिसका भी टीम को लाभ होगा। ऋषभ ने गुजरात के खिलाफ जबरदस्त अर्धशतकीय पारी खेलते हुए अंतिम ओवर में 31 रन बना दिये थे। ऋषभ के अलावा अक्षर पटेल ने भी उस मैच में तेजी से अर्धशतक लगाया था। टीम की गेंदबाजी भी अब पहले से बेहतर हुई है। वहीं दूसरी ओर कप्तान हार्दिक पंड्या की मुंबई इंडियंस खराब दौर से गुजर रही है। टीम को अपने पिछले मैच में रॉजस्थान रॉयल्स से करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसपर दबाव रहेगा। टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी बिखरी हुई है। कप्तान पंड्या भी अब तक गेंदबाजी और बल्लेबाजी में विफल रहे हैं। उनके लिए राहत की एकमात्र बात ये रहेगी इस सत्र की शुरुआत में उनकी टीम ने दिल्ली को हराया था जिससे वह प्रेरित होकर उतरेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पक्का हो सकेगा। दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में उसे रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर चल रही मुंबई अब एक हार से प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो



सकती है। दिल्ली का सामना उसके लिए इसलिए भी कठिन हो गया है क्योंकि उसके कप्तान ऋषभ फॉर्म में आ गये हैं और हर मैच से बेहतर होते जा रहे हैं। इसके अलाव उनकी विकेटकीपिंग का स्तर भी अच्छा हुआ है। इसके अलावा युवा जैक फ्रेसर ने भी दिल्ली की ओर से शीर्षक्रम पर अच्छा प्रदर्शन किया है। पृथ्वी करे इस मैच में और बेहतर करना होगा क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के तौर पर उनका काम केवल बल्लेबाजी है। इसके अलावा डेविड वॉर्नर से भी टीम को बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। ट्रिस्टन स्टब्स का प्रदर्शन भी अब तक अच्छा रहा है। गेंदबाजी में स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर ने अच्छा प्रदर्शन किया है पर उसके तेज गेंदबाजों एनरिच नॉर्किया को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अब तक नॉर्किया ने 14 के आसपास के इकॉनॉमी रेट से रन दिये हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाज खलील अहमद, मुकेश कुमार और ईशांत शर्मा भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।

मुम्बई की ओर से सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है पर इनमें निरंतरता की कमी रही है। टिम डेविड, ईशान किशन और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल पाये हैं। गेंदबाजी में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ही प्रभावित किया है। बुमराह ने अब तक 13 विकेट लिये हैं और वह पर्पल कैप के सबसे बड़े दावेदार हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने 12 विकेट लिये हैं।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस**

हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**दिल्ली कैपिटल्सः**

ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# मलिंगा का सामना करने में डरते थे रैना



**मुम्बई**। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि अपने खेलने के दौरान श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसित मलिंगा का सामना करने में सबसे ज्यादा परेशानी होती थी। रेना के अनुसार उन्होंने पहले किसी ऐसे गेंदबाज का सामना नहीं किया था जो छाती के नीचे से गेंद फेंकते हों। ऐसे में मलिंगा की गेंद समझना बेहद कठिन होता था। रैना ने कहा, उनकी यॉर्कर ऐसी होती थी कि या तो वो आपके पैर पर लगती थी या फिर स्टंप पर इसलिए उनका सामना करने में परेशानी आती थी। रैना ने ये भी कहा कि सचिन तेंदुलकर से मिली सलाह के बाद ही उन्हें मलिंगा का सामना करना आया। रैना ने कहा कि, सचिन ने हमें बताया था कि मलिंगा को कैसे खेलना है। उन्होंने हमें सलाह दी थी कि जब मलिंगा गेंदबाजी करने आए तो आप अंपायर की छाती को देखें, जिससे आपको उनके एक्शन को समझने में आसानी होगी। इसके बाद हम जब भी मलिंगा का सामना करने थे तो बिल्कुल ऐसा ही करते थे। वहीं रैना ने वर्तमान समय के क्रिकेटरों को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि शुभमन गिल आने वाले समय में भारतीय टीम के कप्तान बना सकते हैं।

# सनराइजर्स आईपीएल 2024 सत्र में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी

**हैदराबाद**। आईपीएल में इस बार अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से धूम मचाने वाली : सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने अबतक आईपीएल के इस सत्र में 100 से ज्यादा छक्के लगाकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में जैसे ही पहला छक्का लगाया वैसे ही सनराइजर्स इस सत्र में 100 छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई। ये पहली बार है जब सनराइजर्स ने किसी सत्र में 100 से ज्यादा छक्के लगाये हैं। इस बार टीम ने 8वें मैच में ही अपने 100 छक्के पूरे कर लिए। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने इससे पहले साल 2022 सत्र में 97, 2016 सीजन में 89 जबकि 2018 सत्र में 88 छक्के लगाए थे। अब 8 मैचों में ही उसके नाम 108 छक्के हो गये हैं।

वहीं पिछले सीजन में मुंबई ने सबसे ज्यादा 140 छक्के लगाये थे। इस सत्र में सनराइजर्स अब तक 101 छक्के लगाकर शीर्ष पर है। वहीं आरसीबी 90 छक्के लगाकर उसके सबसे करीब है। वहीं दिल्ली कैपिटलस के बल्लेबाज 86 जबकि मुंबई के बल्लेबाजों ने अब तक 85 शतक लगाये हैं। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजों ने सत्र में सबसे कम 39 छक्के लगाए हैं। वहीं, चेन्नई ने 65, पंजाब ने 61, कोलकाता ने 69, लखनऊ ने 62 तो राजस्थान ने 64 छक्के लगाए हैं।

वहीं आंकडों पर नजर डालें तो आईपीएल 2023 के 74 मैचों में रिकॉर्ड 1124 छक्के लगे थे जोकि आईपीएल इतिहास के एक सत्र में लगे सबसे ज्यादा छक्के हैं। वहीं इस सत्र में केवल 41 मैचों में 700 से ज्यादा छक्के लग चुके हैं। बता दें कि आईपीएल के 2022 सीजन में 1062, 2018 सीजन में 872, 2019 में 784, 2020 में 734 छक्के लगे थे।

# भारतीय फुटबॉल टीम के लिए अगले माह से लगेगा अभ्यास शिविर

**नई दिल्ली**। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा है कि जून में कुवैत और कतर के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर मुकाबलों को देखते हुए भारतीय टीम के लिए अगले माह से एक अभ्यास शिविर लगाया जाएगा। भारतीय टीम के लिए ये चार सप्ताह का अभ्यास शिविर 10 मई से भुवनेश्वर में लगेगा। भारतीय टीम छह जून को साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाले मैच के लिए दो जून को कोलकाता जाएगी। एआईएफएफ ने कहा, ''कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले टीम दो जून को कोलकाता जाएगी। भारतीय टीम का लक्ष्य पिछले महीने गुवाहाटी में अफगानिस्तान से मिली 1-2 की हार से उबरना और अपनी गलतियों को सुधारना भी होगा। भारतीय टीम चार मैचों के बाद अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। वहीं छह मैचों के बाद दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी। कुवैत का सामना करने के बाद, भारत 11 जून को ग्रुप चरण के अंतिम मैच के लिए कतर जाएगा। एआईएफएफ को उम्मीद है कि भारतीय टीम क्वालीफायर मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# टी20 विश्व कप के लिए ऋषभ को शामिल करें : मांजरेकर



**नई दिल्ली**। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम में रखा जाना चाहिये। मांजरेकर के अनुसार जो काम ऋषभ कर सकते हैं वह और विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं कर सकते। इसलिए उन्हें टी20 विश्व कप टीम में जगह मिलनी चाहिये। साथ ही कहा कि जिस प्रकार वापसी करते हुए इस बल्लेबाज ने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है, उससे पता चलता है कि उसने लय भी हासिल कर ली है। ऋषभ ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में 204.6 की स्ट्राइक रेट से 8 छक्के और 5 चौके लगाकर इए सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस दौरान उन्होंने 43 गेंदों में 88 रन बनाये।

मांजरेकर ने कहा, हम जिस कारण से विकेटीपर बल्लेबाज को लेकर बहस कर रहे हैं उसका एकमात्र कारण हमारे पास उपलब्धि कई विकल्प है। एक विकल्प के रूप में संजू सैमसन और केएल राहुल हैं, ये दोनो ही बेहद अच्छे क्रिकेटर पर जो बात ऋषभ में है उससे अंतर आता है। ऋषभ अपनी बल्लेबाजी से मैच पलटने में सक्षम हैं। यही कारण है कि उसे ही अंतिम ग्यारह में जगह मिलनी चाहिये। साथ ही कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो आपको 60 गेंदों में शतक बना कर देगा और मैच जिताएगा।

## व्यापार

# रुपया पांच पैसे गिरकर 83.33 डॉलर



**मुंबई**। रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.33 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) के बिकवाल रहने का असर स्थानीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में फिसलकर 83.33 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.28 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.54 पर रहा।

# सोना 71 हजार, चांदी 82,000 के पार

**नई दिल्ली**। देश के सराफा बाजारों में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। पिछले दिनों गिरावट के बाद अब दोबारा सोने-चांदी में उछाल आया है। शुक्रवार को शुरुआत से एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। सोने की कीमत आज बढ़कर 71 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर पहुंच गई हैं। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 180 रुपये की बढ़त के साथ 71,394 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। सोना बढ़त के साथ 71,212 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर खुला है। 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 210 रुपये की तेजी के साथ 71,404 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार को 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 82,080 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। वहीं 5 जुलाई 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 82,775 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रही है। इसी के साथ




5 सितंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 84,054 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। शुक्रवार को सोने की वैश्विक कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 5.50 डॉलर की तेजी के साथ 2,348.00 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिख रहा है। वहीं सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय तेजी के साथ 2,335.51 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिख रहा है। चांदी के वैश्विक भाव में शुक्रवार को तेजी आई है। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 0.73 डॉलर की तेजी के साथ 27.84 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिख रहा है। वहीं चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 27.57 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिख रहा है।

# शेयर बाजार की तेजी के साथ शुरुआत

## सेंसेक्स 100 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,600 पर

**मुंबई**। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 100 अंक बढ़कर 74,439 पर और एनएसई निफ्टी50 29 अंक बढ़कर 22,600 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा, एनटीपीसी, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रुप से लाभ में कारोबार कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं एशियाई बाजार मिश्रित रहे, जापान का निक्की 225 0.32 प्रतिशत बढ़ा, जबकि व्यापक आधार वाला टॉपिक्स सूचकांक 0.07 प्रतिशत बढ़ा, दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.86 प्रतिशत की



बढ़ोतरी हुई। वहीं भारतीय शेयर बाजार ने गुरुवार को वैश्विक बाजार से मिले कमजोर रुझानों को नजरअंदाज कर दिया और शुरुआती गिरावट से स्मार्ट रिकवरी करते हुए 10 दिनों के हाई पर बंद हुआ था। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक की बढ़त के साथ 74,339.44 अंक पर बंद हुआ था। वहीं दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी में भी 167.95 अंक की बढ़त दर्ज की गई थी। निफ्टी दिन के अंत में 22,570.35 अंक पर बंद हुआ था।

# तेजी से बढ़ रही है भारत की अर्थव्यवस्थाः वित्त मंत्रालय




**नई दिल्ली**। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की अच्छी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान दिया है। कई देशों में महंगाई का दबाव फिर बढ़ा है, लेकिन सरकार और आरबीआई के प्रयासों से भारत में महंगाई घटी है। इस बार मॉनसूनी बारिश सामान्य से अधिक होने के अनुमानों को देखते हुए अच्छी फसल होने और महंगाई और घटने की संभावना है। वित्त मंत्रालय ने मंथली इकनॉमिक रिव्यू में ये बातें कहीं। रिव्यू में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में रिटेल इंफ्लेशन में काफी कमी आई। यह कोविड महामारी के बाद अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। मार्च में कोर इंफ्लेशन 3.3 फीसदी रही। 2024 में मॉनसून सामान्य से बेहतर रहने का अनुमान फसलों के लिए शुभ संकेत है और इससे महंगाई की चिंता घटेगी। फरवरी में फूड इंफ्लेशन 8.66 फीसदी और मार्च में 8.52 फीसदी थी। सब्जियों के दाम फरवरी में 30.25 फीसदी चढ़े थे। मार्च में वेजिटेबल इंफ्लेशन 28.3 फीसदी पर आ गई थी। दालों में महंगाई दर फरवरी के 18.9 फीसदी से घटकर मार्च में 17.7 फीसदी हो गई थी। ओवरऑल रिटेल इंफ्लेशन फरवरी के 5.1 फीसदी से घटकर मार्च में 4.85 फीसदी हो गई थी। रिव्यू में कहा गया कि वैश्विक व्यापार में सुस्ती आ रही है, लेकिन चुनौतियों के बावजूद भारत का व्यापार घाटा आने वाले वर्षों में कम होने की उम्मीद है क्योंकि पीएलआई स्कीम का दायरा बढ़ रहा है।

# आईसीआईसीआई बैंक ने 17 हजार क्रेडिट कार्ड ब्लॉक किए

## क्रेडिट कार्ड का ब्योरा गलत उपयोगकर्ताओं से जुड़ने का मामला

**नई दिल्ली**। आईसीआईसीआई बैंक ने कहा है कि क्रेडिट कार्ड का ब्योरा गलत उपयोगकर्ताओं से जुड़ने का मामला सामने आने के बाद उसने लगभग 17 हजार क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कर दिए हैं। निजी क्षेत्र के बैंक ने कहा कि इस मामले में किसी भी कार्ड के किसी दुरूपयोग की सूचना नहीं है। लेकिन उसने कहा कि ग्राहक को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान होने पर वह उसका मुआवजा देने को तैयार है। एक सूत्र ने कहा कि बैंक के नये ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड का नंबर कुछ पुराने ग्राहकों के कार्ड के साथ गलती से जुड़ गए थे। इस गड़बड़ी की वजह से बैंक के मोबाइल ऐप पर चुनिंदा पुराने ग्राहकों को नए कार्डधारकों का पूरा ब्योरा दिखने लगा था। सोशल मीडिया पर बैंक की इस गलती को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि अब इसे सुधार लिया गया है। गलत मैपिंग के कारण बैंक का पुराना उपयोगकर्ता नए क्रेडिट कार्ड ग्राहक के बारे में पूरी जानकारी को देख पा रहा था। आईसीआईसीआई बैंक के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस समस्या की चपेट में आए क्रेडिट उसके कुल कार्ड पोर्टफोलियो का केवल 0.1 प्रतिशत हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इन सभी कार्ड को ब्लॉक कर दिया गया है और ग्राहकों को नये कार्ड जारी किए जाएंगे। बयान के मुताबिक इन कार्ड में से किसी भी कार्ड के दुरुपयोग का कोई मामला हमारे संज्ञान में नहीं लाया गया है। हालांकि, हम आश्वस्त करते हैं कि किसी भी वित्तीय नुकसान के मामले में बैंक ग्राहक को उचित मुआवजा देगा।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई**। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी के साथ ही पिछले पांच कारोबारी सत्र से जारी तेजी भी रुक गयी। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 609.28 अंक करीब 0.82 फीसदी नीचे आकर 73,730.16 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 150.40 अंक तकरीबन 0.67 फीसदी नीचे आकर 22,419.95 के स्तर पर बंद हुआ।

शुक्रवार के कारोबार में टेक महिन्द्रा , डिविस लैब, एलटीआई माइंडट्री , बजाज ऑटो और बीपीसीएल निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे जबकि बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, नेस्टले इंडिया, इंडसइंड बैंक और एमएंडएम सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे।

वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार हल्की तेजी के साथ बंद हुए थे।

एक रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह से भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के अनुसार मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। इससे प्रीमियम लक्जरी



प्रोडक्ट्स और सर्विसेज की मांग भी बढ़ी है।

इससे पहले आज सुबह सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा, एनटीपीसी, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रुप से लाभ में कारोबार कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान का निक्की 225 0.32 फीसदी बढ़ा, जबकि व्यापक आधार वाला टॉपिक्स सूचकांक 0.07 फीसदी बढ़ा, दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.86 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।



# तू 37 की बरस का, मैं 44 बरस की..तलाक के बाद 7 साल छोटे अमोल पाराशर के लिए धड़का कोंकणा सेन शर्मा का दिल!



ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का बंधन गजल गायक स्वर्गीय जगजीत सिंह का यह गीत आज भी आप सभी के जुबां पर होगा। स्वर्गीय जगजीत सिंह के गाने के ये बोल इंडस्ट्री के कई स्टार्स ने अपने जीवन में उतार लिया है। प्यार के आगे उनके लिए उम्र महज एक नम्बर बनकर ही रह गया है। इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं जो अपने से बड़े शख्स को डेट कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में बॉलीवुड की सबसे टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक हसीना का नाम शामिल हो गया। तलाकशुदा इस एक्ट्रेस को अपने से 7 साल छोटे एक्टर को दिल दे बैठी हैं। ये हसीना और कोई नहीं बल्कि कोंकणा सेन शर्मा हैं। जी हां, बीते कई समय से चर्चा थी कि कोंकणासेन शर्मा, अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं? अब इन चर्चाओं को एक्टर के पूर्व पति और एक्टर रणवीर शौरी ने भी इनडायरेक्टली कन्फर्म कर दिया है। रणवीर शौरी ने एक ऐसा ट्वीट किया है, जिससे इशारा मिल रहा है कि कोंकणा सेन और अमोल पाराशर के बीच कुछ चल रहा है। हाल ही एकपर एक पैरोडी अकाउंट से एक ट्वीट किया गया। राजनेताओं और अन्य हस्तियों पर कटाक्ष करने के लिए मशहूर इस अकाउंट पर लिखा गया कि कोंकणा सेन शर्मा ने मोदी भक्त रणवीर शौरी को छोड़कर सेक्युलर अमोल पाराशर को डेट करने का सबसे अच्छा फैसला लिया।इस ट्वीट को रणवीर शोरी ने रीट्वीट करते हुए लिखा, मैं इससे सहमत हूं। अब एक्टर के इस कमेंट से हलचल मच गई। फैंस को लगने लगा है कि कोंकणा वाकई एक्टर अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं। इस ट्वीट से सोशल मीडिया पर सनसनी मच गई है।



# अपने करियर में मैं अनदेखी 3 जैसा प्रोजेक्ट करना चाहती थी: हेली दारूवाला

एक्ट्रेस हेली दारूवाला, जो अपनी अगली सीरीज अनदेखी 3 की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने कहानी को रोमांचकारी बताया है। शो में हेली महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं, हालांकि उन्होंने भूमिका के बारे में जानकारी को गुप्त रखा है। जिस चीज ने उन्हें इस भूमिका की ओर आकर्षित किया वह थी शो की स्क्रिप्ट और कहानी। हेली ने कहा, अनदेखी एक बेहद लोकप्रिय शो है और मुझे सीजन 3 का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। टीम ने कहानी को रोमांचकारी बनाए रखने का शानदार काम किया है और यह उस तरह का प्रोजेक्ट है जिसकी मैं तलाश कर रही थी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, जिस तरह से मेरे ट्रैक ने आकार लिया है, उससे मैं बेहद खुश हूं और मैं 10 मई को दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। अनदेखी 3 10 मई को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

# जैकलीन ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह



एक्ट्रेस व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया- खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी। फिल्म में विजय राज भी हैं। इनके अलावा, एक्ट्रेस वेलकम फ्रेंचाइज के तीसरी पार्ट वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी, जो कथित तौर पर क्रिसमस पर रिलीज होगी।

# गीतांजलि मिश्रा ने दिखाया अपना समर कलेक्शन

टीवी शो हप्पू की उलटन पलटन की गीतांजलि मिश्रा ने गर्मियों के लिए अपने कपड़ों के कलेक्शन के बारे में बात की। मुंबई में काफी गर्मी पड़ती है। ऐसे में, एक्टर्स को अपने हेल्थ के साथ-साथ फैशन का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। इस कड़ी में गीतांजलि ने सीजन को देखते हुए अपनी अलमारी में कपड़ों को सेट कर लिया है। गर्मियों के लिए कपड़ों के कलेक्शन के बारे में बात करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा, मैं समर फैशन में कंफर्ट को ज्यादा महत्व देती है। मैं लूज पैंट और आरामदायक कॉटन शर्ट चुनती हूं। उन्होंने आगे कहा,इसके अलावा, मैं स्लीपर पहनना पसंद करती हूं, जिसके साथ आप हमेशा दिन या रात में एडवेंचर के लिए तैयार रहते हैं। समर फैशन में सिर्फ कपड़े ही नहीं, एक्सेसरीज भी मायने रखते हैं। उन्होंने कहा- डार्क शेड्स के सनग्लासेस और गॉगल्स तेज धूप में आपको कूल रखता है। इसके अलावा परफ्यूम भी आपको दुर्गंध से दूर रखता है और फ्रेगरेंस आपको रिफ्रेश रखती है। लेगिंग दिन के माहौल से लेकर रात के समय में भी आरामदायक है, जो कंफर्ट और स्टाइल दोनों प्रदान करती है।हप्पू की उलटन पलटन का प्रसारण एंड टीवी पर होता है।



# हीरामंडी प्रीमियर में शामिल हुईं अंकिता लोखंडे संजय लीला भंसाली के निर्देशन की प्रशंसा की



एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे हाल ही में अपने पति विक्की जैन के साथ संजय लीला भंसाली निर्देशित हीरामंडी के प्रीमियर में शामिल हुईं। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर संजय लीला भंसाली के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा कि कैसे वह फ़िल्ममेकर के ग्रैंड विजन से पूरी तरह से पूरी तरह आश्चर्यचकित थीं। पोस्ट के कैप्शन के रूप में उन्होंने लिखा द वे ही प्रेजेंट्स वूमन इन हिज फ़िल्म इज ए मास्टरक्लास टू एव्री फ़िल्ममेकर आउट देर ऑन हाऊ टू यूज एक्ट्रेसेस स्ट्रेंथ एस एन एडिशन टू द नैरेटिव. आई पर्सनली एम ए बिग फैन ऑफ संजय सर वर्क एंड टू विटनेस हिज मैजेस्टिक मास्टरपीस, दैट मोमेंट वॉज टोटली वर्थ इट. एव्री फ्रेम इज ग्रैंड, एव्री करैक्टर लिव्स एन इम्प्रैशन. एव्री एक्ट्रेस इज ड्रीम-लाइक!

# जब ट्रोलर्स कहते हैं- अरे बूढ़ी हो गई..अरे मोटी हो गई, तो ऐसे निपटती हैं लारा दत्ता



लारा दत्ता ने कहा कि उनकी सोशल मीडिया पर उतनी ही मौजूदगी है, जितना वह चाहती हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें फॉलोअर्स जैसी और भी दूसरी चीजें चाहिए तो उसके साथ आने वाली हर एक चीज के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। सोशल मीडिया पर आए दिन किसी न किसी कलाकार को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। कौन-सा कलाकार कब ट्रोल हो जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रोल होने वाले कई कलाकार पलटकर तगड़ा जवाब दे देते हैं तो कई चुप रहने में ही भलाई समझते हैं। हाल ही में, अभिनेत्री लारा दत्ता ने ट्रोलिंग के इस मसले पर बातचीत की है।

**ट्रोल की बातों से मेरी जिंदगी पर कोई असर नहीं पड़ता**

ट्रोलिंग से निपटने के सवाल पर लारा दत्ता ने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं है कि लोगों को अपनी राय रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि कई लोग कहते हैं कि अरे बूढ़ी हो गई है..अरे मोटी हो गई। लेकिन क्या इन बातों से मेरे जिंदगी पर कोई असर पड़ेगा? नहीं पड़ेगा। मुझे पता है कि ट्रोल करने वाले हैंडल के पीछे कुछ गुमनाम लोग होते हैं। मैं नहीं जानती कि ऐसा करने वाले लोग अपनी जिंदगी में क्या कर रहे हैं। इसलिए, मैं किसी और के बारे में अपनी कोई राय नहीं रख सकती।

ज्यादा फॉलोअर्स के लिए दूसरी चीजों के लिए तैयार रहना होगा

लारा दत्ता ने कहा कि उनकी सोशल मीडिया पर उतनी ही मौजूदगी है, जितना वह चाहती हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें फॉलोअर्स जैसी और भी दूसरी चीजें चाहिए तो उसके साथ आने वाली हर एक चीज के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। वह अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी चीजों को केवल उन्हीं लोगों के साथ साझा करना चाहती हैं, जो उनके सच्चे फॉलोअर्स है।



# मुझे लड़कियां पसंद हैं... अब जाकर हुआ एहसास

महज 22 साल की उम्र में दुनियाभर में अपनी सिंगिंग से धूम मचाने वाली बिली एलीश ने पहली बार अपनी यौन इच्छाओं और पसंद-नापसंद पर चुप्पी तोड़ी है। सिंगर ने एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें लड़के नहीं,बल्कि लड़कियां पसंद है। बिली एलीश का कहना है कि उन्हें पिछले साल इसका एहसास हुआ है।

अमेरिकी सिंगर बिली एलीश के नाम से आप जरूर वाकिफ होंगे। महज 22 साल की बिली, दो-दो ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुकी हैं। वह नौ ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं। उनके नाम दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी है।

इस महीने की शुरुआत में बिली एलीश ने कोचेला म्यूजिक वैली फेस्टिवल में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से सबको दीवाना बना दिया। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा भी हुआ, जिसे देख सब चौंक गए। बिली एलीश ने स्टेज पर यूट्यूबर क्रेनलिन ब्लैकवेल को सरेआम चूम लिया। इसके बाद से ही बिली की सेक्सुएलिटी फैंस के बीच चर्चा का विषय है। बहरहाल, अब सिंगर ने खुद ही यह साफ कर दिया है कि उन्हें लड़के नहीं, बल्कि लड़कियां पसंद हैं।

बिली एलीश ने सेक्सुएलिटी पर कही दो टूक बात

जाहिर तौर पर बिली एलीश का यह गाना महिलाओं के साथ प्यार करने की बात करता है।

अब नए इंटव्यू में इस पर बात करते हुए वह कहती हैं, यह गाना असल में उस एक चीज का हिस्सा था, जिसने मुझे वह बनाया, जो मैं वाकई हूं। मैंने इसके कुछ बोल हालांकि, तब लिखे थे, जब मैं किसी लड़की के साथ रिश्ते में नहीं थी। मैं जीवनभर लड़कियों से ही प्यार करती रही हूं, लेकिन मैं इसे समझ नहीं पाई। पिछले साल मुझे यह एहसास हुआ कि मैं कौन हूं।

बीते साल मैगजीन की रिपोर्ट पर भड़कीं थी बिली एलीश

वैसे, बिली एलीश का यह नया बयान तब आया है, जब पिछले साल उन्होंने सेक्सुएलिटी को लेकर नवंबर 2023 में वेरायटी मैगजीन की रिपोर्ट की जमकर आलोचना की थी। तब उन्होंने कहा था, मैं कभी भी अपनी सेक्सुएलिटी के बारे में बात नहीं करने वाली, ना ही ऐसा कुछ प्लान कर रही हूं। यह बहुत निराशाजनक है कि यह रिपोर्ट आई है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।